(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

मंगलवार, 03 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 228 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

तानाजी के बाद मराठी सिनेमा...8



## आखिर केंद्र को जाति आधारित जनगणना से परहेज क्यों? इससे क्षेत्रीय दलों को क्या होगा फायदा?

जाति आधारित जनगणना को लेकर बिहार की राजनीति गर्म है। जदयू और राजद दोनों ही जाति आधारित जनगणना की मांग लगातार करते रहे हैं। इन सबके बीच केंद्र सरकार ने लोकसभा में यह कह दिया कि जाति आधारित जनगणना संभव नहीं है। लेकिन सबसे बड़ी बात तो यह है कि आखिर केंद्र सरकार जाति आधारित जनगणना के सवाल पर क्यों बचती दिख रही है? कभी भाजपा ने जाति आधारित जनगणना का समर्थन किया था लेकिन आज वह इस से परहेज करती दिखाई दे रही है। आखिर जाति आधारित जनगणना की मांग क्षेत्रीय दल क्यों करते हैं? वर्तमान समय में देखें तो क्या जाति आधारित जनगणना केवल एक राजनीतिक मुद्दा बनकर रह जाएगा या इस पर कोई हल भी निकलेगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर जाति आधारित जनगणना की मांग करेंगे। जब से सरकार ने इस बात को संसद में कहा है कि वह जाति आधारित जनगणना के पक्ष में नहीं है तब से ओबीसी संगठन जाति आधारित जनगणना को लेकर दबाव बना रहे हैं। दूसरी और सरकार की ओर से इसका काट निकालते हुए नीट की परीक्षा में ओबीसी को आरक्षण देखकर एक मास्टर स्ट्रोक खेला गया है।

सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि आखिर जाति आधारित जनगणना को लेकर सरकार परहेज क्यों कर रही है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि सरकार जाति आधारित जनगणना शुरू कर खुद के लिए एक नया मोर्चा खड़ा नहीं करना चाहती। आखरी बार जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट 1931 में आई थी। इस जनगणना के अनुसार और मंडल कमीशन के रिसर्च के मुताबिक के तक देश में पिछड़े वर्ग की आबादी 54 फीसदी थी। लेकिन अब माना जा रहा है कि इसमें काफी इजाफा हुआ होगा। ऐसे में अगर सरकार जाति आधारित जनगणना कराती है तो नौकरी से लेकर शिक्षा तक में तथा



राजनीति और तमाम जगहों पर प्रतिनिधित्व का हिस्सा मांगने के लिए नए सिरे से मांग उठ सकती है जो सरकार के लिए मुश्किलें खड़ा कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तय कर रखी है।

जाति आधारित जनगणना के बाद संवैधानिक बदलाव की भी मांग उठ सकती है जो सरकार नहीं करना चाहती। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने आर्थिक रूप से गरीबों को 10 फीसदी आरक्षण देकर उस सीमा को पार कर लिया है जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई थी। लेकिन इसमें जाति का दीवार नहीं रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर रखा है कि कोई भी राज्य 50 फीसदी की सीमा को पार नहीं कर सकते हैं। साथ में प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण की मांग भी लगातार उठाई जा रही है। जाति आधारित जनगणना के आंकड़े आने के बाद समाज में ताने–बाने के अलावा राजनीतिक स्थिति में भी बहुत बड़े बदलाव की स्थिति हो सकती है। शैक्षिक संस्थानों में भी आरक्षण की मांग नए सिरे से सामने आएगी जो सरकार के लिए मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। केंद्र सरकार को यह लगता है कि गुड गवर्नेंस का आकार पीछे रह जाएगा और एक बार फिर से देश की राजनीति आरक्षण के मुद्दे के इर्द–गिर्द घूमने लगेगी। क्षेत्रीय दल जाति आधारित जनगणना के मानकर ओबीसी वोटरों को अपने पाले में करने की कोशिश करती रहती हैं। साथ ही साथ उन्हें जाति आधारित जनगणना से इस बात का आभास हो जाएगा कि राज्य में ओबीसी कितनी प्रतिशत है। इसके अनुसार वह इन्हें साधने के लिए आगे बढ़ सकती हैं।

1931 के बाद यूपीए–2 की सरकार ने जाति आधारित जनगणना के लिए निर्णय तो लिया था लेकिन वह इसे शुरू नहीं कर सकी। खुद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तैयार नहीं थे। जाति आधारित जनगणना यूपीए के घोषणापत्र में था। ऐसे में मुलायम सिंह यादव और लालू यादव और मायावती को साथ लेने के लिए तब कि यूपीए सरकार को इस मुद्दे पर आगे बढ़ना पड़ा। 2011 की कैबिनेट ने 70 सालों बाद जाति आधारित जनगणना कराने की प्रक्रिया की शुरुआत की थी। तब भी सरकार में कुछ लोगों ने इसका विरोध किया था। वर्तमान में तो संघ भी नहीं चाहता कि जाति आधारित जनगणना हो। संघ को लगता है कि अगर जाति आधारित जनगणना होगी तो वृहद हिंदुत्व की कल्पना को राजनीतिक रूप से धक्का लग सकता है। अभी सवर्ण जो भाजपा के कोर वोटर माने जाते हैं उन्हें भी इससे निराशा हो सकती है।

## दिलीप घोष पर बरसे बाबुल सुप्रियो

### कहा– खबरों में बने रहने के लिए कुछ भी करते रहते हैं

हाल में ही राजनीति से संन्यास का ऐलान करने वाले भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो एक बार फिर से फेसबुक पोस्ट लिखी है। अपने इस फेसबुक पोस्ट के जरिए बाबुल सुप्रियो ने बंगाल भाजपा के प्रमुख दिलीप घोष और तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष पर निशाना साधा है। दिलीप घोष और कुणाल घोष पर फेसबुक पोस्ट लिखते हुए बाबुल सुप्रियो ने कि स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। बाबुल सुप्रियो ने दिलीप घोष पर हमला करते हुए कहा कि वह खबरों में बने रहने के लिए कुछ भी करते रहते हैं।बाबुल सुप्रियो ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि मेरे फैसले पर जो आप लोगों ने कहा है वह मैंने पढ़ा है। हर कोई अपने हिसाब से मेरी बातों का अर्थ निकाल रहा है। इसके साथ–साथ कोई मेरा समर्थन कर रहा है तो कोई विरोध कर रहा है। कुछ लोग अपने हिसाब से भाषा का भी



इस्तेमाल कर रहे हैं, यह सब स्वीकार है मुझे। लेकिन मैं अपने काम से जवाब दूंगा। इसके साथ ही बाबुल ने पूछा कि काम के लिए सांसद या मंत्री होना जरूरी है क्या? आपको बता दें कि बाबुल सुप्रियो के राजनीति छोड़ने के ऐलान पर दिलीप घोष ने कहा था कि क्या उन्होंने अपना इस्तीफा दिया है? किसी का राजनीति में आना या छोड़ना उसका खुद का फैसला हो सकता है। इसके बाद दिलीप घोष ने कहा था कि उन्हें समझाइए कि फेसबुक पर पोस्ट लेकर राजनीति नहीं छोड़ी जाती। वहीं तृणमूल के कुणाल घोष ने कहा था कि लोकसभा चल रही है। वहां स्पीकर बैठे हुए हैं। वहां इस्तीफा देने की भाषा है। बाबुल सुप्रियो फेसबुक पर ड्रामा कर रहे हैं। कुणाल ने यह भी कहा कि असल में बाबुल पॉलिटिक्स नहीं छोड़ना चाहते हैं। बस अपनी ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं।

## उत्तर प्रदेश में 16 अगस्त से खुलेंगे इंटरमीडिएट स्कूल

### 1 सितंबर से खुल जाएंगे सभी कॉलेज एवं विश्वविद्यालय

देश में कोरोना महामारी के कम हुए रफ्तार के बीच कई राज्यों में स्कूल और कॉलेज खोलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश में भी लंबे समय से बंद स्कूल और कॉलेजों को खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सभी माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों को खोलने की तैयारी कर ली है। खबरों के मुताबिक सरकार ने इंटरमीडिएट स्कूलों को 16 अगस्त से खोलने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा कॉलेज और विश्वविद्यालय 1



सितंबर से खोले जा सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी के बीच लंबी बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। हालांकि इंटरमीडिएट स्कूलों को 16 अगस्त से आधी क्षमता के साथ ही खोला जाएगा। साथ ही साथ सरकार ने यह भी कहा है कि 5 अगस्त के कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएंगी। आपको बता दें कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बीच सरकार ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं को बंद कर दिया था। अब जब मामलों में कमी आई है तो एक बार फिर से स्कूल कॉलेजों को खोलने के आदेश दिए जा रहे हैं।

## नीतीश कुमार ने बढ़ाई भाजपा की टेंशन, पेगासस जासूसी मामले की जांच की मांग की

एक ओर जहां विपक्ष संसद में सरकार के खिलाफ पेगासस मामले को लेकर आक्रमक रुख अपनाए हुए हैं। तो वही बिहार के मुख्यमंत्री



और एनडीए के प्रमुख सहयोगी नीतीश कुमार ने भी पेगासस मामले की जांच की मांग कर दी है। संवाददाताओं से बातचीत में नीतीश कुमार ने कहा कि संसद में पेगासस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि इस पर जांच होनी चाहिए। नीतीश ने कहा, वास्तव में जांच होनी चाहिए। हम इतने दिनों से टेलीफोन टैपिंग के बारे में सुन रहे हैं, इस मामले पर (संसद में) चर्चा होनी चाहिए। लोग (विपक्ष) इतने दिनों से (बातचीत के लिए) दोहरा रहे हैं यह किया जाना चाहिए। आपको बता दें कि विपक्ष सरकार पर लगातार पेगासस जासूसी मामले की जांच और चर्चा कराने की मांग कर रहा है। ऐसे में नीतीश कुमार की ओर से इस तरह की मांग सरकार की मुश्किलें बढ़ा सकती है। दूसरी ओर नीतीश कुमार लगातार जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे हैं। केंद्र की सरकार इसे खरिज कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि पेगासस मामले की जांच की मांग कर नीतीश कुमार ने भाजपा पर दबाव बनाने की शुरूआत कर दी है। आपको बता दें कि हाल में ही जदयू नेता उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश को पीएम मैटेरियल बताया था।

## विपक्षी नेताओं संग राहुल करेंगे नाश्ता ! संसद के बाहर सत्र चलाने की तैयारी में विपक्ष

पेगासस जासूसी मामला, कृषि कानून और अन्य मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी है। हंगामे की वजह से संसद का मानसून सत्र अब तक सुचारू ढंग से नहीं चल सका है। वहीं विपक्ष ने केंद्र सरकार को सड़क से संसद तक घेरने की तैयारी में है। खबर यह आ रही है कि विपक्षी सांसद अब संसद से बाहर समानांतर सत्र चलाने के मूड में हैं। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक विपक्षी सांसद मानसून सत्र की रणनीति पर चर्चा करने के लिए इकट्ठा होंगे। माना जा रहा है कि इससे बैठक में राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। इन सबके बीच खबर यह भी है कि राहुल गांधी ने विपक्ष के फ्लोर लीडर्स को मंगलवार सुबह 9रू30 बजे दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में नाश्ते पर बुलाया है। इसमें दोनों सदनों के फ्लोर लीडर्स शामिल होंगे। आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए टीएमसी को भी आमंत्रित किया गया है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि विपक्षी सांसदों को एकजुट करने के लिए राहुल गांधी ने अपनी ओर से यह पहल की है। इससे पहले भी राहुल गांधी विपक्षी सांसदों को एकजुट करने की कोशिश कर चुके हैं। कुछ दिन पहले ही हमने देखा कि राहुल गांधी ने विपक्षी सांसदों और नेताओं के साथ एक बैठक की थी। इसके अलावा वह विजय चौक पर विपक्षी नेताओं के साथ प्रेस वार्ता भी कर चुके हैं। अब वह विपक्षी नेताओं के साथ कांस्टिट्यूशन क्लब में नाश्ता करेंगे और चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि संसद का मौजूदा मानसून सत्र 19 जुलाई से चल रहा है जिसमें लगातार हंगामा हो रहा है।

## राष्ट्रीय लोक दल सहारनपुर से लेकर आगरा तक अनुसूचित जातियों के मुद्दों को लेकर निकालेगी न्याय यात्रा

मेरठ। राष्ट्रीय लोकदल अनुसूचित जातियों से जुड़े मुद्दों को लेकर सहारनपुर से आगरा तक न्ध्याय यात्रा निकालेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्ध्यक्ष डा. सुशील कुमार ने मेरठ के एसजीएम गार्डन में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्ध्होंने कहा कि संभवतरू मेरठ में न्ध्याय यात्रा सात अगस्ध्त को पहुंचेगी। प्रकोष्ध्ठ के राष्ध्ट्रीय अध्ध्यक्ष प्रशांत कनौजिया इस यात्रा की अगुवाई करेंगे। यात्रा सहारनपुर से चलेगी और आगरा में समाप्ध्त होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हध्र जिले और



प्रमुख कस्ध्बों से होकर यात्रा गुजरेगी। क्षेत्रीय अध्ध्यक्ष नरेंद्र खजूरी ने कहा कि हाथरस में दलित युवती के साथ हुए दुष्ध्कर्म और मौत के बाद पीड़ित परिवार को कोई आर्थिक मदद नहीं की गई हैं। पीड़ित परिवार को मुआवजे और परिवार के एक सदस्ध्य को नौकरी दिए जाने की मांग की। न्ध्याय यात्रा के अन्ध्य मुद्दे इस प्रकार हैं। दो अप्रैल 2018 को प्रदर्शनकारियों जो मुकदमें दर्ज किए गए हैं उन्ध्हे वापस लिया जाए। संविदा सफाई कर्मचारियों को नियमित करने और सीवर की सफाई कर्मचारियों से न कराने की मांग भी शामिल है। डा सुशील ने कहा सीवर के नालों की सफाई आज भी इंसानों से करना अमानवीय हैं इसे तुरंत बंद किया जाए। मशीनों से यह काम होना चाहिए। जिला अध्ध्यक्ष मतलूब गौड़ ने गन्ध्ना किसानों का करोड़ों रुपया चीनी मिल कंपनियों पर बकाया है। भुगतान की मांग को लेकर पांच अगस्ध्त को गन्ध्ना भवन में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पूर्व हुई बैठक में वक्ध्ताओं ने गुट बाजी भूल कर संगठित होकर 2022 की चुनाव की तैयारियों में जुट जाने की अपील की। चुनाव अभियान समिति के सदस्ध्य सुशील कुमार ने कहा कि हर विधानसभा में 11 लोगों की कमेटी बनायी जाएगी जो बूथ स्ध्तर पर कार्यकर्ताओं की तैनाती करेगी। पूर्व जिला अध्ध्यक्ष राहुल देव, राममेहर गुर्जर, कमलजीत सिंह, अनीस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## हलाल के वैक्सीन सर्टिफिकेट को लेकर सोशल मीडिया पर मचा बवाल, हलाल नहीं वैक्सीन जरूरी हैशटैग हो रहा ट्रेंड

नयी दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी ने दुनिया के तमाम मुल्कों में हाहाकार मचाया हुआ है। चीन के वुहार शहर से निकलते इस वायरस के खिलाफ श्वैक्सीनश एक मात्र हथियार है। केंद्र सरकार समेत प्रदेश की तमाम सरकारें सभी से अपनी बारी आने पर वैक्सीन लेने की अपील कर रही हैं। इसी बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर हलाल नही वैक्सीन जरूरी नामक हैशटैग चल रहा है। हैशटैग हलाल नही वैक्सीन जरूरी के साथ फोटो भी काफी शेयर हो रहा है। जिसमें ऊपर की तरफ लिखा है कि हलाल सर्टिफिकेट भारत को इस्लामीकरण की ओर ले जाने वाला आर्थिक जिहाद ! इसके अलावा भी तरह–तरह के पोस्टर सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।

क्या है हलाल सर्टिफिकेट ?

आपको बता दें कि हलाल एक अरबी शब्द है जिसका उपयोग कुरान में भोजन के रूप में स्वीकार करने योग्य वस्तुओं के लिए किया गया है। इस्लाम में आहार संबंधी कुछ नियम बताए गए हैं जिन्हें हलाल कहा जाता है। लेकिन इसका संबंध मुख्य रूप से मांसाहार से है। जिस पशु को भोजन के रूप में ग्रहण किया जाता है उसके वध की प्रक्रिया विशेष रूप से बताई गई है। इसी के चलते मुस्लिम देशों में सरकारें ही हलाल का सर्टिफिकेट देती हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जो मीट वहाँ परोसा जा रहा है वो उनकी मजहबी मान्यताओं के अनुरूप है।



हमारे देश में भी भारतीय रेल और विमानन सेवाऑं जैसे प्रतिष्ठानों से लेकर फाइव स्टार होटल तक हलाल सर्टिफिकेट हासिल करते हैं जो यह सुनिश्चित करता है कि जो मांस परोसा जा रहा है वो हलाल है। मैकडोनाल्ड डोमिनोज, जोमाटो जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां तक इसी सर्टिफिकेट के साथ काम करती हैं। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे देश में यह सर्टिफिकेट सरकार द्वारा नहीं दिया जाता।

हलाल का सर्टिफिकेट भारत सरकार नहीं देती है। भारत में यह सर्टिफिकेट कुछ प्राइवेट संस्थान जैसे हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हलाल सर्टिफिकेशन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमायत उलमा ए हिन्द हलाल ट्रस्ट आदि।

इतना ही नहीं कोरोना वैक्सीन को लेकर भी कई मुस्लिम देशों के बीच चर्चा छिड़ गई थी। दरअसल इस्लाम धर्म में सुअर और शराब से निर्मित चीजों को हराम माना जाता है। ऐसे में वैक्सीन को लेकर कई तरह की अफवाहें सामने आने के बाद इंडोनेशिया और मलेशिया से बहस तेज हो गई और कहा गया कि कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनियां या फिर सरकारें इसकी पुष्टी नहीं करती हैं तब तक वैक्सीन लगवाना गुनाह है। इसी बीच डब्ल्यूएचओ का बयान सामने आया था। जिसमें कहा गया था कि वैक्सीन पूरी तरह से हलाल है। इसके निर्माण में किसी भी जाति और धर्म के लोगों को ठेस पहुंचाने का प्रयास नहीं किया गया। इतना ही नहीं वैक्सीन में जानवरों की हड्डी और चमड़ी का इस्तेमाल नहीं किया गया है। ऐसे में अफवाहों की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।



# परसपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता चोरी की दो बाइक समेत आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान भौरीगंज बंधे के समीप से चोरी की दो बाइक के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को धर दबोचा, उसके कब्जे से चाकू भी बरामद हुआ है।

पुलिस की कार्रवाई में एक बाइक के साथ पकड़े गए व्यक्ति के निशानदेही पर घर पर छिपाए गए एक और चोरी की मोटरसाइकिल व तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद चाकू पुलिस ने बरामद करने का दावा किया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, बाईक चुराकर बेचने व माल बरामदगी का केस दर्ज कर उसे न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्थानीय थाने के पुलिस कर्मियों द्वारा भौरीगंज बंधे पर गत शुक्रवार को अपराधियों की धरपकड़ के लिए वाहन चेकिंग लगाया गया। इस दौरान पुलिस वालों को ग्राम राजापुर मार्ग पर बाईक सवार एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई पड़ा। पुलिस के रोकने के प्रयास पर वह भागने लगा।

घेरा बंदी के बाद पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। कागजात दिखाने में उसने असमर्थता जताई। कड़ाई से पूछताछ पर घर पर छिपाए गए एक और चोरी की बाइक बरामद हुई। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति जिला बाराबंकी के एक और व्यक्ति के साथ बाईक चुराकर दूसरे जिलों में बेंचता था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता राजापुर चौधारी पुरवा निवासी बब्लू बताया। वहीं पुलिस को अब घटना में शामिल जिला बाराबंकी थाना टिकैत नगर निवासी राजू की तलाश तेज कर दी है। गिरफ्तारकर्ता टीम में दरोगा अंकित सिंह, हेड कांस्टेबल अजय पाण्डेय, कांस्टेबल अजय कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी संगठन के पदाधिकारियों ने चौकी प्रभारी आर्य नगर के विरुद्ध दिया ज्ञापन

गोंडा। चौकी प्रभारी आर्य नगर अजय कुमार पांडे के द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं के प्रति असंसदीय भाषा का प्रयोग करने पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा जिला उपाध्यक्ष देव नारायण तिवारी की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल को सौंपा गया।

प्रकरण थाना कौड़िया अंतर्गत आर्य नगर चौकी से जुड़ा है जहां ग्राम पंचायत कोचवा निवासी व संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार सोनी को चौकी प्रभारी आर्य नगर अजय कुमार पांडे के द्वारा जबरन चौकी में बैठाकर असंसदीय भाषा का प्रयोग किया गया था तथा संगठन के प्रति अमर्यादित व्यवहार किया गया था संगठन के पदाधिकारियों को सूचना मिलने के पश्चात चौकी पर पहुंचने पर चौकी इंचार्ज के द्वारा पदाधिकारियों से भी अमर्यादित व्यवहार किया गया इससे क्षुब्ध होकर संगठन के जिला उपाध्यक्ष देव नारायण तिवारी की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल को सौंपा गया तथा कार्यवाही न होने पर 3 अगस्त 2021 से धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्रा, ब्लॉक प्रभारी राजेश दुबे, संयोजक संतोष मिश्रा, महामंत्री अरुण कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष सोनी, मीडिया प्रभारी अनुराग तिवारी, दीपक पांडे, कपिल तिवारी, प्यारे लाल पासवान, नीरज तिवारी, सोनू दुबे, अंकित तिवारी, विनय शुक्ला, वीरेंद्र पांडे, मथुरा प्रसाद शुक्ला, सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में बाजार स्थित सड़क किनारे लगाए जाएंगे पौधे, हो रही तैयारी

गोंडा। इटियाथोक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे के नेतृत्व में कस्बा व बाजार में सड़क के दोनों पटरियों पर नीम व अशोक के पेड़ लगाने के लिए गड्ढा खुदाई का कार्य चलाया जा रहा, जिसमें 50 नीम व अशोक के पौधे लगाए जाएंगे तथा उन्हें ट्री गार्ड से सुरक्षित किया जाएगा। जिस भी व्यापारी के दुकान के सामने पेड़ लगाया जाएगा उस व्यापारी को पेड़ की सुरक्षा करने का दायित्व सौंपा गया है। इस विषय में कुछ दिन पूर्व एक बैठक में भी इस विषय पर चर्चा हुआ था कि जल्द ही सड़कों के किनारे वृक्ष लगाए जाएंगे जिससे बाजार में आने वाले तमाम लोगों को इसका लाभ मिलेगा। प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में कस्बे में वृक्षारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई की जा रही है जिससे वृक्षारोपण किया जा सके। बता दें कि कोतवाली में जब से प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे की तैनाती हुई है तबसे कोतवाली की तस्वीर बदल गई है। क्षेत्र के लोग उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते हैं।

# स्तनपान बनाये बच्चे को आयुष्मान-सीएमओ

## जन्म के पहले घंटे में जरूर पिलायें माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध

गोंडा। कोविड–19 की संभावित तीसरी लहर का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ने की चर्चा के बीच यह भी जानना जरूरी है कि जो माताएं बच्चे को सही समय पर और सही तरीके से भरपूर स्तनपान कराती हैं, उन्हें बच्चे को लेकर बहुत चिंता करने की जरूरत नहीं होती है। मां के दूध की अहमियत सर्वविदित है, यह बच्चे को रोगों से लड़ने की ताकत प्रदान करने के साथ ही उसे आयुष्मान भी बनाता है। यह जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस केसरी का कहना है। साथ ही उनका कहना है कोरोना ही नहीं बल्कि कई अन्य संक्रामक बीमारियों से मां का दूध बच्चे को पूरी तरह से महफूज बनाता है। इसलिए स्तनपान के फायदे को जानना हर महिला के लिए बहुत ही जरूरी है। इसके प्रति जागरूकता के लिए ही हर साल एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए ही इस साल इस सप्ताह की थीम–'स्तनपान सुरक्षा की जिम्मेदारी, साझा जिम्मेदारी' तय की गयी है।

जिला महिला अस्पताल के नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आफताब आलम का कहना है कि शिशु के लिए स्तनपान अमृत के समान होता है। यह शिशु का मौलिक अधिकार भी है।

माँ का दूध शिशु के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बहुत ही जरूरी है। यह शिशु को निमोनिया, डायरिया और कुपोषण के जोखिम से भी बचाता है। इसलिए बच्चे को जन्म के एक घंटे के भीतर मां का पहला पीला गाढा दूध अवश्य पिलाना चाहिए। यह दूध बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता पैदा करता है, इसीलिए इसे बच्चे का पहला टीका भी कहा जाता है। स्तनपान करने वाले शिशु को ऊपर से कोई भी पेय पदार्थ या आहार नहीं देना चाहिए क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा रहता है। मां के दूध में शिशु के लिए पौष्टिक तत्वों के साथ पर्याप्त पानी भी होता है। इसलिए छह माह तक शिशु को माँ के दूध के अलावा कुछ भी न दें। यहाँ तक कि गर्मियों में पानी भी न पिलायें। ध्यान रहे कि रात में माँ का दूध अधिक बनता है, इसलिए मां रात में अधिक से अधिक स्तनपान कराये। दूध का बहाव अधिक रखने के लिए जरूरी है कि माँ चिंता और तनाव से मुक्त रहे। कामकाजी महिलाएं अपने स्तन से दूध निकालकर रखें। यह सामान्य तापमान पर आठ घंटे तक पीने योग्य रहता है। इसे शिशु को कटोरी या कप से पिलायें। स्तनपान शिशु को बीमारियों से बचाता है, इसीलिए यदि मां या शिशु बीमार हों तब भी स्तनपान कराएँ। वहीं डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि कोविड उपचाराधीन और संभावित माँ को भी सारे प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्तनपान कराना जरूरी है। वह स्तनपान से पहले हाथों को अच्छी तरह से साफ कर लें और नाक व मुंह को मास्क से अच्छी तरह से ढककर ही दूध पिलायें। बच्चे को ऐसे में स्तनपान से वंचित करने से उसका पूरा जीवन चक्र प्रभावित हो सकता है।

यह भी जानना जरूरी– यदि केवल स्तनपान कर रहा शिशु 24 घंटे में छह से आठ बार पेशाब करता है, स्तनपान के बाद कम से कम दो घंटे की नींद ले रहा है और उसका वजन हर माह करीब 500 ग्राम बढ़ रहा है, तो इसका मतलब है कि शिशु को मां का पूरा दूध मिल रहा है।

स्तनपान के फायदे–शिशु के लिए: सर्वोत्तम पोषक तत्व,सर्वोच्च मानसिक विकास में सहायक,संक्रमण से सुरक्षा (दस्त–निमोनिया),दमा एवं एलर्जी से सुरक्षा,शिशु के ठंडा होने से बचाव,प्रौढ़ एवं वृद्ध होने पर उम्र के साथ होने वाली बीमारियों से सुरक्षा।

मां के लिए स्तनपान के फायदे– जन्म के पश्चात बच्चेदानी के जल्दी सिकुड़ना व रक्तस्राव एवं एनीमिया से बचाव, कारगर गर्भनिरोधक,मोटापा कम करने और शरीर को सुडौल बनाने में सहायक, स्तन एवं अंडाशय के कैंसर से बचाव।

कृत्रिम आहार एवं बोतल से दूध पिलाने के खतरे– पोषक तत्वों का अभाव,सुपाच्य नहीं,कुपोषण एवं संक्रमण के खतरे,दस्त, सांस के और अन्य संक्रमण,बौद्धिक विकास में कमी की सम्भावना,बचपन में मृत्यु की संभावना।

क्या कहते हैं आंकड़े– जन्म के एक घंटे के भीतर नवजात को स्तनपान कराने से नवजात मृत्यु दर में 33 फीसद तक कमी लायी जा सकती है (च्स्ैव्दम श्रवनतदंस की ठतमेंजमिमकपदह डमजंदंसलेपे तमचवतज–2017)। इसके अलावा छह माह तक शिशु को स्तनपान कराने से दस्त रोग और निमोनिया के खतरे में क्रमशः 11 फीसद और 15 फीसद कमी लायी जा सकती है (स्ंदबमज ैजनकल–डंजमतदंस दक बीपसक छनजतपजपवद ैमतपमे 2008 के अनुसार)। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे–4 (2015–16) के अनुसार जिले में एक घंटे के अंदर स्तनपान की दर 13.3 फीसद और छह माह तक केवल स्तनपान की दर 48 फीसद है।

## विक्षिप्त महिला का दर्द जान सोनबरसा पोखरा के महंत छोटे बाबा ने उसकी सुधि ली

गोंडा। विगत कई महीनों से कस्बे में विक्षिप्त महिला के साथ हुयी हैवानियत से कराहती महिला का दर्द अखबारों में प्रकाशित होता रहा, पर महिला की इस दयनीय दशा के जिम्मेदारों पर ना तो नकेल कसी गयी और ना ही महिला की सुरक्षा व देख भाल तय हो पाई थी। ऐसे में उसके प्रसव की विकट परिस्थिति को ले कर कस्बावासियों में चिंता का विषय बना हुआ था।

## जनता व समाज की सेवा करना सबसे बड़ा धर्मः अवधेश प्रसाद

अयोध्या। मैंने अपने जीवन का हर क्षण जनता व समाज की सेवा के लिये समर्पित किया है, जनता व समाज की सेवा करना अपना सबसे बड़ा धर्म समझता हूँ, जनता व समाज की सेवा जीवन भर इसी तरह करता रहूंगा। उक्त बातें सपा राष्ट्रीय महासचिवध्पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने अपने जन्म दिन पर आयोजित समारोह में कही। पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने यह भी कहा कि जब से मोदी,योगी सरकार आई है देश का अन्नदाता आंदोलित है,युवा बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है, शिक्षण कार्य समाप्त हो चुका है, छात्र परेशान हैं,महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं,स्वास्थ सेवाएं बदहाल हैं, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, समाज का हर वर्ग परेशान है, इसलिए जनता अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है और 2022 में होने वाले विधान सभा चुनाव का इंतेजार कर रही है। श्री प्रसाद ने यह भी कहा कि सरकार बनने के बाद समाजवादी पार्टी सभी के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम करेगी। जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव ने पूर्व मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि अवधेश प्रसाद पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं आपका सहयोग व आशीर्वाद पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं पर हमेशा रहा है,हम सभी श्री प्रसाद के लिए दीर्घ आयु की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। जिला महासचिव बख्तियार खान ने बताया कि पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद के जन्म दिन को कार्यकर्ताओं ने संकल्प दिवस के रूप मनाते हुए कहा है कि जब तक हम जिले की पांचों सीटों पर समाजवादी झण्डा नहीं फहरा देते हैं, तब तक कार्यकर्ता चौन से नहीं बैठेगा। 2022 में निश्चित रूप से समाजवादियों की सरकार बनेगी सभी ठप पड़े विकास कार्य पुनः शुरू होंगे। जन्मदिन समारोह का आयोजन पूर्व मंत्री के 5 नम्बर आवास इनायतनगर पर कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। प्रातः सुन्दर काण्ड व प्रसाद वितरण महन्त गौरव पाठक की देख रेख में हुआ, कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को जन्म दिन की बधाई दी व लम्बी उम्र की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पारस नाथ यादव,ईश्वर लाल वर्मा,डॉ वेद प्रकाश,राम लहू यादव, पृथ्वी राज यादव, छोटे लाल यादव, अनूप सिंह, फैयाज अहमद, साहब लाल यादव, तुलसी राम यादव,ओ पी पासवान, सतीश यादव, राज कुमार यादव, यदुनाथ यादव,सिराज अहमद, सुभाष रावत,सोनू हाशमी, राम तेज,अजीत प्रसाद,अमित प्रसाद, मदन यादव, अवधेश सिंह,उमा शंकर पाल, आजाद सिंह,अनुराग सिंह, सुनील कोरी,अमन यादव,गुलाब यादव,मुमताज अहमद,राज कुमार,सुजीत यादव,आनंद यादव,बंटी खान,आकिब खान, महेश शर्मा,मुन्ना पांडेय,अंसार अहमद, सलमान खान,सलीम घोषी,सुभाष यादव आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कबड्डी संघ की बैठक में आगमी प्रतियोगिताओं के आयोजन पर हुई चर्चा

अयोध्या। उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के सभी जनपदों के अध्यक्ष व सचिव की बैठक सिविल लाईन स्थित शाने अवध होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। जनपद में 13 से 16 अप्रैल के बीच राष्ट्रीय सीनियर कबड्डी चौम्पियनशिप के सफल आयोजन के लिए सांसद लल्लू सिंह व संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह को सभी जनपदों के अध्यक्ष व सचिव ने बधाई दी। सांसद लल्लू सिंह ने कि कबड्डी हमारें ग्रामीण परिवेश में काफी पसंद किया जाने वाला खेल है। इस खेल में काफी प्रतिभाएं मौजूद है। आवश्यकता है उनमें निखार लाने की। उन्हें एक बेहतर प्लेटफार्म दिये जाने की।

इन आयोजनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश प्रदेश के खिलाड़ियों में निखार आयेगा तथा वह अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अपने समाज व देश का नाम रोशन कर सकेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान इस वर्ष प्रतियोगिताओं के आयोजन पर चर्चा हुई। कहां पर कौन खेल आयोजित होगा तथा किस जोन की प्रतियोगिता का आयोजन किस जोन में होगा इस विस्तृत रुप से विचार किया गया। अभी सीनियर पुरुष जोनल स्टेट चौम्पियनशिप, सीनियर पुरुष अंतर जोनल स्टेट चौम्पियनशिप, सीनियर महिला स्टेट चौम्पियनशिप, ओपेन जूनियर बालकध्बालिका स्टेट चौम्पियनशिप, सब जूनियर बालकध्बालिका चौम्पियनशिप का आयोजन होना है। उन्होने बताया कि जिले में 13 से 16 अप्रैल के बीच राष्ट्रीय सीनियर पुरुष चौम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें रेलवे प्रथम, सर्विसेज द्वितीय, महाराष्ट्र व राजस्थान तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर महासचिव राजेश यादव, उपाध्यक्ष ईश्वरपाल सिंह, संयुक्त सचिव पद्मवीर सिंह, सत्येन्द्र कुमार, मो अकरम, प्रभात कुमार पाण्डेय, जिला सचिव व चेयरमैन रेफरी बोर्ड यूपी सुरेश सिंह, सुशील कुमार यादव, प्रेम कुमार राय, ओम सिंह वर्मा, प्रेम सिंह यादव, पीके पाण्डेय मौजूद रहे।

# बिना भेदभाव के पात्रों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभः आलोक सिंह

## नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि का हुआ जोरदार स्वागत

अयोध्या। क्षेत्रवासियों को बिना किसी भेदभाव के समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा अभी तक जिन ग्राम सभाओं में विकास कार्य अधूरे पड़े हैं उन सभी गांव में विकास की गंगा बहेगी उक्त बातें विकासखंड पूरा बाजार के ग्राम सभा कछौली में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह उर्फ रोहित ने समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। सम्मान समारोह के संयोजक अमर बहादुर रावत एवं ग्राम प्रधान सूबेदार यादव सहित ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि को 51 किलो के फूलों की माला से स्वागत सम्मान किया। स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि ने राम गमन मार्ग से खनुवावां को जाने वाली सड़क को अतिशीघ्र सीसी रोड में परिवर्तन कराने का आश्वासन दिया तो सभी ग्राम वासियों ने जमकर तालियां बजाई और वाहवाही की। विदित हो कि ग्राम सभा जिला पंचायत क्षेत्र का बॉर्डर क्षेत्र होने के कारण बरसों से उपेक्षित रही है। समारोह के दौरान क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया जिसके समाधान कभी उन्होंने आश्वासन दिया। समारोह को ग्राम प्रधान सूबेदार यादव अमर बहादुर रावत आदि ने आभार व्यक्त करते हुए आए हुए सभी अतिथियों का अभिवादन किया। समारोह का संचालन विनय शंकर पांडे ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रमोद सिंह आशु अंकुर सिंह केके सिंह डॉ अभिषेक सिंह सहित एडवोकेट विजय कुमार प्रमोद रावत प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र वर्मा उदय भान वर्मा राम लखन यादव विनोद यादव अरुण रावत आदि मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव में जीतने वाले जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत

अयोध्या। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद ने जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के चुनाव में जीत दर्ज कराने वाले जनप्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया। परिषद के संरक्षक और डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अनुशासक डॉ. अजय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम का संचालन सूर्यभान सिंह तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने किया। प्रमुख रूप से सम्मानित होने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के प्रतिनिधि व उनके पति आलोक कुमार सिंह रोहित, कोआपरेटिव संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, मया ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह (कप्तान), मसौधा ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेन्द्र सिंह (मडना), जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार सिंह राजपूत, मसौधा गन्ना चेयरमैन प्रतिनिधि एवं जनपद के कई नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, नगर महामंत्री अनिल सिंह, रमेन्द्र नाथ सिंह, संगठन महामंत्री अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह, अमरदीप सिंह, दिनेश कुमार सिंह, बाबा बक्श सिंह, नवरंग सिंह, भानु प्रताप सिंह, अमरनाथ सिंह, अखंड सिंह, कुलदीप सिंह, शिवमोहन सिंह, उपेन्द्र सिंह लल्लू, जे.बी. सिंह, मेजर ए.पी. सिंह, चौ. गुरुप्रसाद सिंह, पवन सिंह, अम्बरीश सिंह, आर.डी. सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह और संरक्षक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र व देवी देवताओं की प्रतिमाएं देकर सम्मानित किया।

# कविता.....

## भोजपुरिया–लाल–हई'

जे समझे गुदरी लाल हईं,
ना बूझे पूत कमाल हईं!
जेकरा पे दुनिया नाज कइल,
हम ऊ भोजपुरिया लाल हईं!!

हम माटी से ही जन्मी लां
हम माटी में ही जाईंलां!
जे माटी से ऊपर होला
कीमत माटी समझाईं लां!!

हम कचनी, मधुकर धान हुईं,
तेलहन, दलिहन पिसान हईं!
हमरा बल पर जे रन जीते,
हम उ आल्हा के शान हईं!!

रईफल, तोप, ना हेरी – लां,
लाठी से दुसमन, घेरी – लां
रबरे के छोटका ले गुलेल ,
हम बड़का बाघ, खदेरी–लां!!

हम लोरिक बीर के सान हईं,
बिहुला के सती निसान हईं!
हम प्रेम बदे झुकि –२ गइलीं,
दुसमन के काल कृपान हईं!!

हम मॉम कभी ना पढ़ी लां,
पर माई नेह के गढ़ी लां!
जेकर असीस नित पाइ पाइ,
हम मनी प्लांट नियर बढ़ी लां!!

हम घर बुजुर्ग बदे प्यार हईं,
सेवा के मूल अधार हईं!
जेकरे कान्हे माई दादा,
हम ऊ अम्बेसडर कार हईं!!

हम पढ़े, संग मंगरू गइनी
पटरी से, पाठ शुरू कइनी!
जे सून्य बतावल दुनिया के,
हम अइसन सदा,गुरू पइनी!!

हम कलम, दुआइत, टाट हईं,
गुरुदेव के अपने डांट हईं!
जंह ज्ञान बंटाइल बिनु पईसा
हम वो सिक्षा के हाट हईं!!

पूजा पोथी ना जानी लां,
फोटो शिव जी के टांगी लां!
गोबर के गउरा,अउ गनेस से,
नाती पोता मांगी – लां!!

हम सीता सुंदर, सन्देस हुईं,
प्रभु राम के, जोगी भेस हईं!
देवघर में बम – बम बोलिलें,
जहां बइठल उमा महेस हईं!!

**रचनाकार**
**आलोक–शर्मा**
**महाराजगंज**
**यूपी' दैनिक बुद्ध का संदेश**

# डुमरियागंज में 115 युवक-युवतियों को मिलेगा रोजगार, पंचायत सहायक के रूप में होंगे नियुक्त

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में मिले अंकों के आधार पर तैयार होगी मेरिट, जिसके आधार पर होगा चयन

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। शासन ने निर्णय लिया है कि अब हर ग्राम पंचायत का अपना भवन होगा और इसमें ग्राम प्रधान का कार्यालय होगा जिसमें इण्टरनेट सुविधा युक्त कम्प्यूटर, स्कैनर आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। भवन निर्माण के बाद एक पंचायत सहायक की नियुक्ति होगी। ऐसे में डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के 115 ग्राम पंचायत एक-एक लोगों को रोजगार मुहैया हो सकेगी। जिसको लेकर ग्रामीण अंचल में उत्साह देखा जा रहा है।

प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय की स्थापना, प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकध् एकाउंटेंट-कम डाटा इण्ट्री आपरेटर के चयन और इनकी तैनाती तथा इन पर होने वाले व्यय को वित्त आयोग, मनरेगा, ग्राम निधि, और अन्य योजनाओं के प्रशासनिक मद में अनुमन्य धनराशि से खर्च किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रदेश में पहली बार ग्रामीण सचिवालय की स्थापना की जा रही है। डुमरियागंज के खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार अग्रहरि ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में अपना पंचायत भवन होगा। डुमरियागंज में कुछ ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शासन के निर्देश के क्रम में हर हाल में 3 माह के भीतर निर्माणाधीन कार्य को पूरा करा लिया जाएगा। डुमरियागंज ब्लाक क्षेत्र के बहेरिया, परसपुर, अगया, सोनखर सहित सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव की नियुक्ति को लेकर युवक-युवतियों में उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि अज्ञानता के अभाव में कुछ लोग संबंधित ग्राम प्रधानों पर नियुक्ति की जिम्मेदारी बता रहे हैं। जबकि मेरिट के आधार पर जिस गांव में ग्राम प्रधानी का जो सीट आरक्षित व अनारक्षित होगा। उसी अनुसार नियुक्ति होनी है।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को लेकर बैठक संम्पन

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। 02 अगस्त 2021धदिनांक 05 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में लोहिया कलाभवन में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी नोडल अधिकारियों उनके ड्यिूटी की सूचना मिल जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्न महोत्सव भव्य रूप से मनाया जायेगा। वहां पर लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 02 किग्रा0 चावल, 03 किग्रा0 गेहूँ दिया जाना है। राशन की दुकान पर एल0ई0डी0ध्टी0वी0 के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार का लाइव प्रसारण दिखाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक उचित दर दुकानो पर मा0 जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना सुनिश्चित करे। कार्यक्रम की सफलता हेतु ग्राम स्तरीय कर्मचारियों तथा स्वयं सहायता समूह और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भी सहायता ली जाए। उचित दर दुकानो पर कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन अवश्य करे तथा साफ सफाई करा ले। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि 04 अगस्त 2021 से पूर्व प्रत्येक दुकान पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चत करे। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सीताराम गुप्त, उपजिलाधिकारी नौगढ़ विकास कश्यप, डुमरियागंज त्रिभवन, इटवा उत्कर्ष रीवास्तव, शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह, पी0डी0 सन्त कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

# खाद्य वितरण में होगी लापरवाही, तो होगी कार्यवाही: दीपक मीणा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के उठान के संबध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी आर0पी0 पटेल से जानकारी प्राप्त की गयी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत जनपद में 9813.075 मी0टन के सापेक्ष अब तक 5144.86 मी0टन खाद्यान्न का उठान भारतीय खाद्य निगम डिपो से हो चुका है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबधित परिवहन ठेकेदार अपने ट्रो की संख्या बढ़ाकर 04 अगस्त 2021 तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न का उठान कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने लेबरो की संख्या बढ़ाकर समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सी0डब्ल्यू0सी0 तथा भारतीय खाद्य निगम को निर्देश दिया कि खराब रास्तो पर राबिश तथा ईट डलवाकर सही करा ले जिससे कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सीताराम गुप्त, जिला खाद्य विपणन अधिकारी आर0पी0 पटेल, प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम गोरखपुर रित्रद्वी सिन्हा, प्रबन्धक सी0डब्ल्यू0सी0 रवीन्द्र राजन तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।




# बढ़नीचाफा कस्बे की कीचड़युक्त सड़क से लोग परेशान

## सड़क की दुर्दशा से त्रस्त है बढ़नीचाफा बाजार के लोग, आक्रोश

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे नवसृजित नगर पंचायत बढ़नीचाफा के लोग इन दिनों सड़क की दुर्दशा से काफी त्रस्त हैं। बीते दिनों हुई बारिश के चलते समस्या और बढ़ गयी है। हालात यह हो गया है कि दुकानदार पूरा दिन दुकान पर बैठे रहते हैं, लेकिन ग्राहक बाजार में आने से कतराते हैं। व्यापार चौपट हो चुका है। बढ़नीचाफा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई थी, कि अब यहां विकास होगा और लोगों को सड़क, बिजली आदि की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन हालात उसके उलट हो गया है। बाजार में मुख्य मार्ग पर डिवाइडर बन रहा है, सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है। इन दिनों हो रही बारिश के चलते सड़क कीचड़युक्त हो चुका है। जिस पर पैदल चलना दुश्वार हो गया है। सबसे अधिक संकट दुकानदारों के समक्ष उत्पन्न हो गया। कीचड़ में सराबोर सड़क पर कोई जाना नही चाहता। जिसका प्रभाव दुकानदारी पर पड़ रहा। व्यापार चौपट हो गया है। नगर प्रशासन के उदासीन रवैया से नागरिकों में काफी आक्रोश है। लोगों ने समस्या समाधान की मांग की है। बढ़नीचाफा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद लोगों में विकास की आस जगी थी, लेकिन इन दिनों बाजार की मुख्य सड़क की हालात ध्वस्त है। जिसके चलते व्यापार काफी प्रभावित हो गया है। ऐसे ही रहा तो दुकान में ताला लगा कर घर बैठ जाना पड़ेगा। मुख्य सड़क के बीच में डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सड़क टूट चुका है। इन दिन बारिश के चलते पूरा सड़क कीचड़युक्त हो चुका है। जिस पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सड़क की दुर्दशा से बढ़नीचाफा कस्बे में व्यापार करने वाले लोगों को काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। इन दिनों दुकानदारी का काफी प्रभावित हो गया है। ग्राहक बाजार में आने से कतराते हैं। नगर प्रशासन लोगों के समस्याओं के प्रति उदासीन बना हुआ है। जिसका खामियाजा नगर वासियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभागीय जिम्मेदारों को इस समस्या के प्रति गंभीर होने की जरूरत है। बढ़नीचाफा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद विकास को लगातार गति देने की कोशिश की जा रही है। डिवाइडर के निर्माण होने की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई है। यथाशीघ्र सड़क का नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा।



# शोहरतगढ़ पुलिस ने किया एक को गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थ नगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा० यशवीर सिंह के आदेश के क्रम मेंअपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सुरेश चन्द रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव के कुशल निर्देशन में सोमवार को शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में उ.नि. सभाशंकर यादव चौकी प्रभारी खुनुवा व एसएसबी टीम के इन्द्रजीत गुप्ता, रमेश चन्द्र चौरसिया , शिव सहाय वर्मा द्वारा 1 नफर अभियुक्त को हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं178ध21 धारा 8ध22ध23 छक्च्ै ।बज पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम शमीम पुत्र शफी मोहम्मद उम्र करीब 35 वर्ष सा. मोहनजोत थाना मोहाना जनपदसिद्धार्थनगर बरामदगी का विवरण अभियुक्त के पास से 82 ग्राम हेरोइन बरामद किया ।इस दौरान चौकी प्रभारी खुनुवा उ0नि0 सभाशंकर यादव,हेका. राजेश्वर प्रसाद ,का. सोनू यादव, का. खुर्शीद आलम व एसएसबी पेट्रोलियम पार्टी में मु0आ0 इन्द्रजीत गुप्ता,आ0सा0 रमेश चन्द चौरसिया,आ0सा0 शिवसहाय वर्मा आदि मौजूद रहे।



# भारतीय मुद्रा 2,39,500 के साथ तस्कर गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थ नगर। 43 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी कोटिया के जवानों ने भारतीय मुद्रा 2,39,500 रुपये की तस्करी करते हुए एक तस्कर को पकड़ा। रविवार शाम को सीमा चौकी कोटिया के जवानों ने सीमा स्तम्भ संख्या 561(60) के पास भारत-नेपाल सीमा पर पकड़ा। तस्कर का नाम-इरफान आलम पुत्र मो०मुस्तफा निवासी-अलगा थाना- बढ़नी चौक, नगरपालिका महराजगंज,जिला- कपिलवस्तु (नेपाल)को अवैध रूप से नेपाल से भारत भारतीय मुद्रा 2,39,500ध- रुपये की तस्करी करते हुये पकड़ा गया। जब्त किए गए मुद्रा के साथ तस्कर को कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय बढ़नी जिला- सिद्धार्थनगर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया । जब्ती के दौरान सीमा चौकी कोटिया की नाका पार्टी मे मुख्यध्आरक्षी चन्द्रशेखर , आरक्षी- संजय व प्रह्लाद यादव शामिल रहे ।



# मोनी पांडे ने दी पीएम मोदी को बधाई, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की बडी पैठ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष युवा नेत्री कुमारी मोनी पांडे ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करना यह भारत के लिए गौरवान्वित है यह हमारी विचारधारा के 7 विदेश नीति से भारत के मधुर संबंध स्थापित होंगे और देश की सुरक्षा के लिए भी अनुकरणीय कार्य के साथ भारत की मजबूती के साथ सुरक्षा नीति के तहत आगे आत्मनिर्भर की दिशा में कार्य करेगा। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कुमार कुमारी मोनी पांडे ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेंगे 75 साल से भी अधिक समय में भारतीय राजनीतिक नेतृत्व के लिए ऐसा अवसर पहली बार आया है पीएम मोदी 15 संसदीय सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मैं अपना भारत की मजबूती के लिए योगदान देंगे ताकि हमारी सुरक्षा राष्ट्र के लिए मजबूत हो। युवा नेत्री पांडे ने कहा की पीएम मोदी का कुशल नेतृत्व ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व राजदूत रहे सय्यद अकबरुद्दीन ने कहां की पीएम मोदी ऐसे भारतीय प्रधानमंत्री है जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक मैं भारत की ओर से अध्यक्षता करते हुए अपना नेतृत्व करेंगे। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुमारी पांडे ने पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बधाई दी की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता के माध्यम से भारत की सुरक्षा के लिए अपना मजबूत पक्ष रखेंगे ताकि आतंकवाद जैसी घटनाएं भारत मैं ना हो बैठक की अध्यक्षता करना भारत के 130 करोड़ जनता के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमारे देश के ऐसे पीएम जो मोदी जी का नेतृत्व आज संयुक्त राष्ट्र की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए उनको आमंत्रित किया है जिससे हमारी विदेश नीति से भारत के मधुर संबंधा भी अच्छे होंगे इस देश पर अधिकांश कांग्रेस की सरकार नहीं जिन्होंने भारत की सुरक्षा के लिए कोई कठोर कदम नहीं उठाए मोदी जी का मार्गदर्शन संयुक्त राष्ट्र की बैठक की अध्यक्षता के माध्यम से भारत की जनता को मिलेगा 1 अगस्त को ही 1 माह के लिए सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्य भारत को पहली बार संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च संगठन की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है।



# भव्य रूप से निकाली गई भगवान शिव परिवार की कलश यात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौलीध्महराजगंज। आदर्श नगर पंचायत सोनौली वार्ड नं09



सुभाष नगर (त्रिलोकपुर)में प्रमिला देवी के नव निर्मित शिव मंदिर के स्थापना के क्रम में बड़े ही धूमधाम गाजे बाजे के साथ शिव परिवार का कलश यात्र निकली गई ।इस यात्रा में वार्ड के लोग ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिया। बताते चले कि कलश यात्रा की शुरुवात आदर्श नगर पंचायत के भावी चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा व वर्तमान वार्ड सभासद श्री करम हुसेन ने रिबन काट व झंडी दिखा कर कलश यात्रा के मंगलमय कामना के साथ प्रारंभ किए। वार्ड सभासद ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमो से ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है और समाज मे सदभाव का विकसित होती है। वही भावी चेयरमैन प्रत्यासी दीपक बाबा ने कहा कि जीवन के अंतिम सांस तक हर संभव समाजिक व धार्मिक कार्यों में अपना योगदान देता रहूंगा साथ ही नगर की उज्जवल भविष्य की कामना की ।यह कलश यात्रा नवनिर्मित मंदिर से होते हुये मोहनजोत, जरा ,बैकुंठ पुर से रोहिन नदी से कलश भर कर पुनः उसी मार्ग से वापस अपने नवनिर्मित मंदिर तक आकर समाप्त हुआ ।इस कर्यक्रम में मुख्य रूप से अश्वनी शुक्ल, मुकेश विश्वकर्मा ,विजय प्रताप दुबे बृजेश यादव, शाह आलम, राममिलन, अभिमन्यु गोंड़, राजेन्द्र विश्वकर्मा, अष्टभुजा मिश्र,वशिष्ठ तिवारी,अन्य नगरवासी गण उपस्थित रहे।

# प्रधान संघ के अध्यक्ष पद की चयन प्रक्रिया संपन्न



दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा/कुशीनगर। विधानसभा क्षेत्र 334 हाटा क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड सुकरौली में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रधान संघ के अध्यक्ष पद की चयन प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें आशा देवी पत्नी विनोद सिंह ग्राम प्रधान मिश्रौली को अध्यक्ष के रूप में चुना गया समस्त ग्राम पंचायत प्रतिनिधि गणों की उपस्थिति में वोट डाला गया जिसमें कुल 52 मत पड़े नामित अधिकारी के समक्ष गिनती की गई जिसमें श्रीमती आशा देवी पत्नी विनोद सिंह के पक्ष में 42 तथा श्री हेमनारायण राय जी के पक्ष में 10 वोट मिले पूरी पारदर्शिता के साथ गिनती से दोनों प्रत्याशी पूर्णरूपेण संतुष्ट रहे तत्पश्चात प्रधान संघ के अध्यक्ष के रूप में आशा देवी का अभिनन्दन किया गया एवं प्रधान संघ सुकरौली के कमेटी का गठन किया गया कमेटी गठन में अध्यक्ष के रूप में आशा देवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमनारायण राय उपाध्यक्ष देवेंद्रजीत सिंह महामंत्री माया देवी संगठन मंत्री राकेश उपाध्याय मीडिया प्रभारी उषा देवी मंत्री पवन गिरी कोषाध्यक्ष ज्योति सिंह पत्नी रणजीत सिंह सिरसा नंबर दो के रूप में अभिनन्दन किया गया निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुकरौली अनिल सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा हरेंद्र कुमार गौतम पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विद्या भारती भीमसेन गौतम योगेंद्र कुशवाहा संजय पटेल अजय यादव राजेश्वर सिंह सुरेश सिंह रामकृपाल एडीओ पंचायत सुकरौली रामाशीष गौतम आदि मौजूद रहे।

# नशीली दवा के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। कोतवाली के सीमा क्षेत्र अलीगढ़वा



नोमैसलैंड के पास पुलिस एसएसबी जवान गस्त पर थे। एक युवक को नशे की हालत में देख कर चेक किया गया,जिसके पास से 160 स्पास्मो कैप्सूल बरामद हुआ। जिसे एसएसबी ने कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पकड़े गए युवक की पहचान शिवपूजन पुत्र द्वारिका माया देवी गांवपालिका वार्ड न0 सात बड़सुडवा थाना पकड़ी कपिलवस्तु नेपाल के रूप में हुई है,कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए,न्यायालय के सुपुर्द कर दिया, गिरफ्तारी टीम में गुलाम अब्बास,प्रदीप कुमार,एसआई संजीव शुक्ला, अभिषेक यादव,सचिन वर्मा शामिल रहे।

# मारुति और बाइक की आपसी भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

कुशीनगर/सिद्धार्थनगर। नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित नौरंगिया तिराहे से लगभग 500 मीटर आगे उत्तर के तरफ सोमवार को करीब तीन बजे एक मारुति के द्वारा बोलेरो को ओवरटेक करने के चक्कर मे दो बाइक को अपने चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना मे दोनो बाइको पर सवार तीन में से एक की मौत और दो गम्भीर रूप से घायल हो गये। नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के नटवलिया (पिपरा बाजार) गांव निवासी कंचन चौहान (65वर्ष) सोमवार को अपने ही गांव निवासी एक परिचित और अपने बेटे तथा दामाद के साथ खड्डा बाजार स्थित नौकाटोला में अपने एक रिश्तेदार के वहा गये थे। वहा से दोपहर बाद करीब तीन बजे जैसे ही ये लोग नौरंगिया तिराहे से लगभग पांच सौ मीटर उत्तर के तरफ थे तभी, सामने की ओर से तीव्र गति से आ रही अनियंत्रित मारुति बैगन आर त्श्र32ब्। 1302 ने एक बोलेरो को ओवरटेक करते हुवे जैसे ही आगे निकला वैसे ही हीरो भ्थ् डीलक्स न्च्57 ।ट 7066 और बजाज प्लैटिना न्च्57 ।ल् 8344 को ठोकर मारकर छभ्28बी के किनारे पूरब की तरफ गड्ढे में चली गयी। इस घटना के बाद से मारुती चालक मौके से भागने में सफल रहा। पर भ्थ् डिलक्स बाइक पर सवार साले और बहनोई, प्रभु चौहान (32वर्ष) निवासी नटवलिया (पिपरा बाजार) और रामु चौहान (42वर्ष) निवासी डिबनी (नेबुआ नौरंगिया) बुरी तरफ से घायल हो गये। इनके साथ चल रहे लोगो ने इन्हें नौरंगिया स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया। जहा पर इनका इलाज हुवा और ये खतरे से बाहर बताये जा रहे है। पर प्लैटिना बाइक पर सवार मनीष कुशवाहा पुत्र गुड्डू कुशवाहा (22वर्ष) निवासी किशनपुर विजयपुर (नेबुआ नौरंगिया) काफी देर तक मौके पर पड़े रहे। छभ्28बी पर ये हादसा होने के बाद दोनों तरफ छोटी बड़ी वाहनों को लम्बी लाइन लग गयी। और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को देखने वालों की काफी भीड़ लग गयी। उसी भीड़ में से किसी ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दे दिया। सूचना मिलते ही मयफोर्स और एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुचे नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार राय ने घायल मनीष कुशवाहा को इलाज के लिए नेबुआ नौरंगिया सीएचसी पर भेज दिया। और दुर्घटनाग्रस्त तीनो वाहनों को थाने भेजवा दिया। नेबुआ नौरंगिया सीएचसी प्रभारी सन्तोष गुप्ता ने बताया कि घायल व्यक्ति की हॉस्पिटल में आने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। जिसका डेथ बॉडी पुलिस अपने कब्जे में लेकर चली गयी। नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार राय ने बताया कि मृतक की लाश को पीएम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र में सोमवार को नौरंगिया तिराहे से लगभग पांच सौ मीटर उत्तर की तरफ मारुति वैन और दो बाइको की आपसी भिड़ंत में स्थानीय थानाक्षेत्र के गांव किशनपुर विजयपुर निवासी मनीष कुशवाहा पुत्र गुड्डू कुशवाहा (22वर्ष) की मार्ग दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो गयी। इनके मौत की खबर सुनकर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। वही परिजन दहाड़े मार मारकर रो रहे है। विद्यार्थी जीवन से ही होनहार रहे मनीष के उपर ही पूरे घर परिवार की जिम्मेदारी थी। दो भाईयो और दो बहनों में सबसे बड़े मनीष अविवाहित थे। जबकि बीते वर्ष इनकी एक बहन की शादी हो चुकी है। इनके आकस्मिक मृत्यु पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वही अगल बगल के लोग और इनके रिश्तेदार इनके परिजनों को ढाढ़स बंधा रहे है।



# गाँव को साफ सुथरा रखना हमारा दायित्व-दुर्गावती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहाँस। सदर विकास खंड नौगढ़ के अन्तर्गत आज ग्राम पंचायत गनेरा में युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र सिद्धार्थ नगर के तत्वाधान में आज गाँव को साफ सुथरा बनाने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत लोगों को बताया गया की हमें गाँव को हमेशा साफ सुथरा रखना चाहिए । गाव को साफ सुथरा रखने से गाँव में बिमारी फैलने का खध्तरा कम होता है। हमारा यह प्रथम दायित्व है की हम गाव को साफ सुथरा रखें ।उक्त बातें सदर ब्लॉक नौगढ़ से रा०यु०स्व० गोविन्द वर्मा तथा दुर्गावती गौतम के द्वारा लोगों को बतायी गयी ।आयोजित गोष्ठी में गाँव के नसीम ,शिव प्रसाद,सलाहुद्दीन,आशीष,अक्षय,फैजान,सहबान आदि गाँव के तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**उन्होंने स्पष्ट किया कि समान विचारधारा वाले देशों का यह संगठन साझा मुद्दों पर एकजुट होकर काम करेगा। यह सुनिश्चित करेगा कि हिंद प्रशांत क्षेत्र देश विशेष के हस्तक्षेप से मुक्त रहे। ब्लिंकन की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि वे इस बार तिब्बती धर्मगुरु दलाई ...**

## वक्त की दोस्ती

अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की पहली भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश आंतरिक व बाह्य चुनौतियों से मुकाबला कर रहे हैं। दोनों ही देश कोरोना संकट से जूझ रहे हैं और अमेरिका अफगानिस्तान से निकलने के बाद उत्पन्न चुनौतियों तथा चीन से रणनीतिक मुकाबला कर रहा है। गुरुवार को जब दोनों विदेश मंत्री दिल्ली में मिले तो कोविड महामारी, अफगानिस्तान, दोनों देशों के साझा हितों व अन्य वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई। हालांकि, इनमें अफगानिस्तान का मुद्दा सबसे ज्वलंत था। अमेरिकी विदेश मंत्री ने स्वीकारा कि अफगानिस्तान में शांति व स्थिरता अमेरिका व भारत के हित में है। इसे देश के लिये कूटनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण कहा जा सकता है कि ब्लिंकन ने भारत को अमेरिका का विश्वसनीय सहयोगी बताया। साथ ही यह भी कि विगत में भारत ने अफगानिस्तान के विकास में जैसी रचनात्मक भूमिका का निर्वहन किया, भविष्य में भी भारत ऐसी भूमिका निभाएगा। दोनों ही देश इस बात से सहमत नजर आये कि अफगानिस्तान समस्या का समाधान ताकत के बूते नहीं हो सकता। यदि ऐसा होता है तो अफगानिस्तान एक बार फिर दुनिया में अलग–थलग पड़ जायेगा। निस्संदेह जब अमेरिका अगस्त में अफगानिस्तान से पूरी तरह निकल जायेगा तो तालिबान की चुनौती बड़े रूप में सामने आ सकती है। अभी भी खबरें आ रही हैं कि तालिबान ने आधे से ज्यादा अफगानिस्तान को अपने अधिकार में ले लिया है। साथ ही उसने पड़ोसी देशों से लगी सीमाओं और दूसरे देशों से होने वाले व्यापार पर भी पकड़ मजबूत कर ली है। अमेरिका ने स्पष्ट किया कि यदि तालिबान बंदूक के बल पर अफगानिस्तान पर कब्जा करके नागरिकों के अधिकारों का हनन करेगा तो न तो उसे वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता मिलेगी और न ही कई तरह के प्रतिबंधों से मुक्त हो पायेगा। उसे एक असफल राष्ट्र के रूप में ही देखा जायेगा। जिसका विकल्प सिर्फ शांति के लिये बातचीत ही है। भारत के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण यह भी है कि अमेरिकी विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया है कि अमेरिका अफगानिस्तान में भारत के हितों का ध्यान रखेगा। साथ ही यह भी कि अमेरिका अफगानिस्तान के विकास में भूमिका निभाता रहेगा तथा सुरक्षा सहयोग भी देता रहेगा। भले ही अमेरिका अफगानिस्तान से निकल रहा है लेकिन वह चाहता है कि अफगानिस्तान नब्बे के दशक की तरह वैश्विक आतंकवाद का केंद्र न बने। वहां आईएसआईएस व अल कायदा को उर्वरा जमीन न मिले। कमोबेश यही चिंता भारत की भी है। दरअसल, पाकिस्तान इस्लामी आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है। यदि अफगानिस्तान में तालिबानी राज्य की स्थापना होती है तो चरमपंथियों की हलचल भारतीय कश्मीर में आतंकवाद बढ़ाने के रूप में हो सकती है। यदि यहां पाकिस्तान की भूमिका महत्वपूर्ण बनती है तो न केवल अफगानिस्तान बल्कि दक्षिण एशिया में भी अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। इस मुलाकात में अफगानिस्तान के अलावा मध्य–पूर्व व दक्षिण चीन सागर में चीन के वर्चस्व को कम करने पर विचार विमर्श हुआ। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से हुई बातचीत को व्यापक संदर्भों में देखा जा सकता है। हालांकि, ब्लिंकन ने इंडो–पेसिफिक इलाके में चीन की आक्रामकता पर अंकुश लगाने के लिये बने अमेरिका, आस्ट्रेलिया, भारत व जापान के साझा संगठन क्वाड का भी जिक्र किया और इसे असैनिक मंच बताया।

## देश के भीतर अपनों की लड़ाई

सहीराम

यह ठीक नहीं है जी। पहले किसानों ने बॉर्डर और बॉर्डर का फर्क मिटाया। पहले बॉर्डर बस जवानों का होता था, पर अब किसानों का भी होता है। बल्कि किसान तो अब अपनी एक संसद भी चला रहे हैं। सरकार अपनी संसद चला रही है, किसान अपनी संसद चला रहे हैं। अब किसान और जवान तो चलो एक ही परिवार का मामला है। इसलिए नहीं कि जय जवान, जय किसान के नारे में वे साथ–साथ हैं बल्कि इसलिए भी कि किसान का एक बेटा फौज में जाता है तो दूसरा खेत में जाता है। ऐसे में अगर बॉर्डर और बॉर्डर का फर्क मिट गया तो चलो कोई बात नहीं। पर यहां तो सरकारें सीमा और सीमा का फर्क भी मिटा देना चाहती हैं। इधर आपने खबरें सुनी होंगी, अखबार पढ़े होंगे, टीवी पर देखा होगा कि सीमा पर झड़प हो गयी। आपने क्या सोचा पाकिस्तान या चीन सीमा पर झड़प हो गयी? नहीं जी। पाकिस्तान सीमा पर तो खैर झड़प होती ही नहीं। वहां तो तोपें चलती हैं, गोले बरसते हैं या फिर सर्जिकल स्ट्राइक होती है। झड़पें तो होती हैं चीन सीमा पर। पर जैसे सर्जिकल स्ट्राइक में बहादुरी की कोई कमी नहीं होती, वैसे ही चीन सीमा पर झड़प में भी बहादुरी की कोई कमी नहीं होती। फर्क यही है कि सरकार चीन को उस तरह आंख नहीं दिखाती जैसे वह पाकिस्तान को दिखाती है। फिर भी पाकिस्तान को इससे कोई शिकायत नहीं है। खैर, इधर सीमा पर झड़प हो गयी। लेकिन इससे पहले कि सीमा पर झड़प की बात सुनकर आप में देशभक्ति का जज्बा हिलोरें लेने लगे, कृपया जान लें कि यह झड़प चीन सीमा पर नहीं हुई है। यह तो असम और मिजोरम सीमा पर हुई है। जनाब सीमा उनकी भी है। और अब पता चल रहा है कि झड़प उनमें भी होती है। लेकिन असम के मुख्यमंत्री इस झड़प को लेकर उसी तरह तमतमाए हुए हैं जैसे चीन सीमा पर हुई झड़प से हमारे नेता तमतमाए हुए थे। जबकि मिजोरम वाले उसी तरह चुप हैं, जैसे चीन वाले चुप थे। असम और मिजोरम दो देश नहीं हैं। बल्कि एक ही देश के दो राज्य हैं। वे हरियाणा और पंजाब भी नहीं हैं, जहां कभी पानी को लेकर तो कभी चंडीगढ़ को लेकर झगड़ा चलता रहता है। गनीमत यही है कि अक्सर एक–दूसरे की विरोधी सरकारें होते हुए भी इनमें झड़प आज तक नहीं हुई। लेकिन असम और मिजोरम में झड़प हो गयी। जबकि असम की भी और मिजोरम की भी, दोनों ही सरकारें भाजपा की हैं। आप कहेंगे यह क्या तर्क हुआ? दोनों सरकारें भाजपा की हैं तो क्या झगड़ा नहीं होगा। अरे भैया, यहां तो चाहे उत्तराखंड देख लो और चाहे कर्नाटक, एक राज्य में ही पार्टी के भीतर झगड़ा है। लेकिन सबसे जोरदार तो इस झड़प का वर्णन है, जिससे लगता है कि झड़प एक देश के दो राज्यों के बीच नहीं, दो देशों के बीच हुई हो।

## नैतिक मूल्यों का अतिक्रमण रोकना जरूरी

**निस्संदेह, चुनौतियों को अपनी ताकत बना लेने वाली आशा अंततरू अपनी उम्मीदों को उड़ान देने में सफल हुई है। उसने उलाहनों को अपनी प्रेरणा बना लिया, जो लोग उसे टोका करते थे यहां न बैठो, वहां न बैठो। तुम्हारा बाप कलेक्टर लगा है। तो उसने दुनिया को कलेक्टर बनकर दिखा दिया है। लेकिन अपनी सोच को हमेशा बड़ा रखा। चुनौतियों से हार नहीं मानी। आशा स्वयं कहती है कि कोई काम छोटा या बड़ा...**

दीपिका अरोड़ा

आधुनिक इंटरनेट सुविधा ने बहुपक्षीय प्रगति में भले ही नये आयाम स्थापित किए हों, किंतु इस सुविधा का खघसा दुरुपयोग भी चलन में आया है। जहां मनोरंजन क्षेत्र पहले की अपेक्षा अधिक व्यापक एवं सर्वसुलभ बना, वहीं दूसरी ओर लोगों के रूझान में भारी परिवर्तन देखा जा रहा है। अश्लीलता के प्रति बढ़ती रुचि, पोर्नोग्राफी के रूप में समस्त सीमाओं का अतिक्रमण करने पर आमादा है।

विश्वभर में पोर्नोग्राफी उद्योग एक बड़े व्यवसाय का आकार ले चुका है। वैश्विक स्तर पर संचालित पोर्नोग्राफी उद्योग से होने वाला अनुमानित मुनाफा 100 बिलियन डॉलर से कहीं अधिक है। इस मामले में अमेरिका सबसे ऊपर है, व्यवसाय से प्राप्त लाभांश का लगभग 10 फीसदी यहीं से उपलब्ध होता है।

भारत की बात करें तो यहां पोर्नोग्राफी पूर्णतरू प्रतिबंधित है। कानूनी तौर पर पोर्न फिल्में बनाना अथवा बेचना आईपीसी की धारा के तहत आपराधिक श्रेणी में आता है। हालांकि, व्यक्तिगत तौर पर अश्लील सामग्री देखना अपराध नहीं, किंतु किसी भी प्रकार की अश्लील सामग्री अन्यत्र प्रेषित करने, इलेक्ट्रोनिक ढंग अथवा किसी अन्य माध्यम द्वारा प्रकाशित–प्रसारित करने पर एंटी पोर्नोग्राफी लॉ लागू होता है। दरअसल, विचार निरन्तर प्रवाहित होने वाली प्रक्रिया है, जिनका निर्माण पूर्णतरू मनन पर आधारित है। जो कुछ हम पढ़ते, देखते अथवा सुनते हैं वही मन–मस्तिष्क में संग्रहित होकर विचारों का रूप धारण करना आरम्भ कर देता है। पठन–पाठन, दृश्य–श्रव्य सामग्री के उच्च अथवा निम्न स्तर का व्यक्ति विशेष के विचारों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। पोर्न सामग्री न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है बल्कि विद्रूप भावनाएं भड़काकर दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों के लिए भी उकसाती है। विशेषज्ञों के मतानुसार, नित्य प्रति बढ़ रहे यौन अपराधों में पोर्न सामग्री की उपलब्धता एक मुख्य कारण है। वर्ष 2018 में देहरादून दुष्कर्म मामले के आरोपी द्वारा उत्तराखंड हाईकोर्ट में, पोर्न फिल्म देखने के पश्चात ही आपराधिक कृत्य को अंजाम देने की बात स्वीकार की गई।

विषय की गंभीरता पर संज्ञान लेते हुए वर्ष 2018 में भारत के दूरसंचार विभाग ने देश में इंटरनेट सेवा उपलब्ध करवाने वाले सभी सेवा प्रदाताओं को 827 पोर्न वेबसाइट ब्लॉक करने के आदेश जारी किए। बावजूद इसके, विश्व भर में अश्लील सामग्री देखने वालों की संख्या में यू. एस. तथा यू.के. के पश्चात भारत का तीसरा स्थान रहा। निश्चय ही, देश के लिए यह चिंता का विषय है कि दुनिया की सबसे बड़ी पोर्न वेबसाइट मानी जाने वाली श्पोर्नहबश्च के अनुसार भारत उसका सबसे बड़ा बाजार है। 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व में पोर्न साइट पर विजिघ्ट करने वाला व्यक्ति औसतन 10 मिनट पंद्रह सेकंड का समय व्यतीत करता है। लॉकडाउन के दौरान, भारत में वर्ष 2020 के अप्रैल माह में एडल्ट साइट्स पर किया जाने वाला सर्च बढ़कर 95 फीसदी हो गया।

सत्य तो यह है कि भारत में पोर्न उद्योग प्रतिबंधित होने पर भी बड़ी संख्या में चोरी–छिपे अश्लील फिल्में बनती हैं। मीडिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में, कथित रूप से एक जाने–माने व्यवसायी द्वारा पोर्न फिल्में बनाकर श्हॉट शॉटश्च तथा श्हॉट हिटश्च एप्स के माध्यम से संचालित करने की की बात सामने आई। रिपोर्ट में श्हॉट शाटश्च एप पर उपलब्ध ग्राहक संख्या 20 लाख होने तथा लाइव शो के माध्यम से 1.85 लाख एवं फिल्मों के जरिए 4.53 लाख रुपये प्रतिदिन कमाने की बात भी कही गई। मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के अनुसार नवोदित अभिनेत्रियों को वेबसीरीज में प्रलोभन देकर ऑडिशन के लिए बुलाया जाता था। मामला अभी विचाराधीन है।

बेशक, भौतिकतावादी होने में कोई बुराई नहीं बशर्ते व्यक्तिगत लाभ कमाने हेतु नैतिक व सामाजिक मूल्यों का अतिक्रमण न हो। समाज में अश्लीलता का प्रचार–प्रसार करना तथा निज स्वार्थसिद्धि हेतु किसी प्रकार का प्रलोभन देते हुए अन्य लोगों को अनैतिक कार्यों के लिए उकसाना कदापि स्वीकार्य नहीं। किसी भी स्तर पर होने वाली अनैतिकता समाज व देश को पतन की ओर ले जाती है, सम्पूर्ण मानवता को जिसका भारी मूल्य चुकाना पड़ता है। प्रलोभन का शिकार बनने वाले युवा वर्ग को भी यह समझना होगा कि देह–प्रदर्शन सफलता की गारंटी नहीं।

स्मरण रहे, नैतिक मूल्य समाज रूपी विशाल वृक्ष का सुदृढ़ मूल है और पोर्न सामग्री उन्हें खोखला करने वाला घुन। मूल का क्षरण किसी भी समाज के लिए चिंता का विषय है और देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण। निश्चय ही, देश में पोर्नोग्राफी रोकने हेतु अविलंब कड़े कदम उठाना एवं अपराधियों को दंडित करना सरकारों तथा न्यायपालिका का संयुक्त कर्तव्य है, किंतु पोर्न सामग्री के प्रसार पर यथासंभव रोक लगाकर, भारत के सांस्कृतिक गौरव की अमूल्य धरोहर को संभालने के लिए समाज को भी पहल करनी होगी।

**भले ही राकांपा प्रमुख शरद पवार और ममता बनर्जी प्रमुख दावेदार दिखते हैं, पर कांग्रेस राहुल की दावेदारी छोड़ते हुए सत्ता से वनवास का वरण क्यों करेगी ? कौन जानता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम फिर से अखिलेश के मन में, उनके पिता की तरह, दिल्ली की सत्ता का मोह जगाने वाले आ जायें ? आखिर उत्तर प्रदेश में पश्चिम बंगाल से लगभग दोगुना लोकसभा सीटें हैं। दीदी की दबंगई को ...**

## दीदी को मिलेगी भाजपा विरोधियों की ममता!

राजकुमार सिंह

हालांकि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार का दूसरा कार्यकाल अभी आधे से भी अधिक शेष है, लेकिन 2024 में अगले लोकसभा चुनाव के लिए गोटियां बिछाने का खेल शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी की हालिया दिल्ली यात्रा भी इसी खेल का हिस्सा रही। बेशक ममता वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी मोदी विरोधी राजनीतिक गोलबंदी के प्रमुख चेहरों में शामिल थीं, पर तब वह ध्रुवीकरण राष्ट्रीय स्तर पर कोई स्पष्ट आकार ही नहीं ले पाया। उत्तर प्रदेश और बिहार सरीखे देश के बड़े राज्यों में जहां गैर–भाजपाई गठबंधन या महागठबंधन बन पाये, वहां भी मतदाताओं का विश्वास तो उन्हें नहीं ही मिल पाया। इसके बावजूद अगले लोकसभा चुनाव से लगभग पौने तीन साल पहले ही भाजपा विरोधी ध्रुवीकरण की कवायद शुरू हो गयी है तो उसके भी अपने कारण हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मिला जनादेश मनमोहन सिंह के नेतृत्व में संप्रग सरकार के दूसरे कार्यकाल में उजागर पहले कार्यकाल के घोटालों तथा नीतिगत शिथिलता के साथ ही नरेंद्र मोदी के आक्रामक चुनाव अभियान का परिणाम तो था ही, उत्तर प्रदेश और बिहार की उसमें बड़ी भूमिका रही। जिस उत्तर प्रदेश में भाजपा तीसरे नंबर पर खिसक चुकी थी, वहां से उसे लोकसभा की रिकॉर्ड 71 सीटें मिलीं तो वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भी उसने 312 सीटें जीत कर सत्ता में ऐसी धमाकेदार वापसी की कि दो दशक से सत्ता पर काबिज रहीं सपा–बसपा के पैरों तले से जमीन खिसक गयी।

बेशक उसके बाद भी भाजपा ने कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव जीते, लेकिन कुछ राज्यों में उसे सत्ता गंवानी भी पड़ी। उत्तर भारत के ही तीन प्रमुख राज्यों रू राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा को सत्ता से बेदखल होना पड़ा। फिर शिवसेना से रिश्तों में आये खिंचाव के चलते महाराष्ट्र की सत्ता भी उसके हाथ से फिसल गयी। स्पष्ट बहुमत पाने में तो भाजपा अपने एकमात्र दक्षिण भारतीय गढ़ कर्नाटक में भी चूक गयी थी और जल्दबाजी में सरकार बनाने वाले मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को बेआबरू होकर दो दिनों में ही इस्तीफा देना पड़ा था। बाद में उसकी भरपाई कांग्रेस–जनता दल सेक्यूलर सरकार में सेंधमारी कर बहुमत के जुगाड़ से फिर येदियुरप्पा की ताजपोशी से की गयी, जिन्होंने इसी सप्ताह दो साल का कार्यकाल पूरा कर बढ़ती उम्र के मद्देनजर मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया। दलबदल के जरिये सत्ता का ऐसा ही जुगाड़ भाजपा ने बाद में मध्य प्रदेश में भी कर लिया। बिहार में अवश्य उसने नीतिश कुमार का कद कम करते हुए अपनी सीटें बढ़ा कर राजग की सत्ता बरकरार रखी, लेकिन पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव उसके लिए बड़ा झटका साबित हुए। व्यावहारिक राजनीतिक विश्लेषण की दृष्टि से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भी भाजपा अपना जनाधार बढ़ाने में सफल रही, लेकिन ममता को सत्ता से बेदखल करने के उसके मंसूबे पूरे नहीं हुए। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय भूमिका ने पश्चिम बंगाल चुनाव को भाजपा ही नहीं, मानो केंद्र सरकार के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया था, लेकिन ममता की खुद की हार के बावजूद तृणमूल कांग्रेस पिछली बार से भी ज्यादा सीटें जीतने में सफल रही। निश्चित रूप से यह ममता की राजनीतिक ही नहीं, नैतिक जीत भी रही, पर क्या इसे भाजपा की हार के रूप में देखा जाना चाहिए? नैतिक दृष्टि से इस सवाल का जवाब हां में हो सकता है, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से नहीं। आखिरकार विधानसभा में भाजपा तीन सीटों से 77 सीटों पर पहुंच गयी तो इसे हार कैसे कहा जा सकता है? वैसे भाजपा की ममता विरोधी आक्रामकता को रणनीतिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखना ज्यादा सही होगा। माहौल बनाया गया कि ममता सत्ता से विदा हो रही हैं। इस माहौल का भी परिणाम रहा कि कांग्रेस–वाम मोर्चा गठबंधन का वहां सफाया ही हो गया, क्योंकि खासकर चुनावी राजनीति में कई बार धारणा वास्तविकता से भी ज्यादा प्रभावी साबित होती है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव परिणामों ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से बनी इस धारणा को और पुष्ट कर दिया है कि मोदी–शाह की भाजपा भी अपराजेय नहीं है। तब फिर क्यों न केंद्रीय सत्ता के संघर्ष के लिए अपनी बिसात अभी से बिछायी जाये! दिवंगत प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने एक बार राजनीति को असीमित संभावनाओं का खेल कहा था। वह गलत नहीं थे। दरअसल वह स्वयं इस सच का एक प्रमाण थे। आपातकाल के विरोध में जिस कांग्रेस को अलविदा कह कर वह गैर–कांग्रेसी राजनीतिक ध्रुवीकरण का एक प्रमुख चेहरा बने, उसी कांग्रेस के समर्थन से उनका प्रधानमंत्री बनने का सपना अंततरू साकार हुआ। अब आप इसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का करिश्मा कहिए या विडंबना कि तब चंद्रशेखर के नेतृत्व वाले जनता दल धड़े के पास लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के लगभग 10 प्रतिशत ही सांसद थे। बेशक राजनीति के असीमित संभावनाओं वाले खेल के वह अकेले ऐसे भाग्यशाली खिलाड़ी नहीं रहे। उनके बाद 1996 से 98 के बीच भारत ने जो दो प्रधानमंत्री देखे, वे भी इसी खेल की देन थे। देश के मतदाताओं ने कांग्रेस के विरुद्ध जनादेश दिया था और भाजपा लोकसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने केंद्र में अपनी पहली सरकार भी बनायी, पर तब तक राजनीतिक अस्पृश्यता इतनी प्रबल थी कि तमाम कोशिशों के बावजूद सदन में बहुमत का जुगाड़ नहीं हो पाया और विश्वास मत प्रस्ताव पर मतदान से पहले उन्होंने इस्तीफा देना बेहतर समझा। उसके बाद ही जनता दल की अगुवाई में कांग्रेस समर्थित संयुक्त मोर्चा सरकारों के प्रयोग हुए। पहले प्रयोग में कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे एच. डी. देवगौड़ा की प्रधानमंत्री पद पर ताजपोशी हुई, जो 11 महीने ही चल पायी। उसके बाद नंबर आया राजनीति के भद्रपुरुष इंद्र कुमार गुजराल का, पर उनकी सरकार भी 11 महीनों से आगे नहीं चल पायी, क्योंकि कांग्रेस को लगने लगा था कि दो साल में तीन सरकारों का पतन होने से स्थिर सरकार का उसका नारा एक बार फिर चल निकलेगा। मतदाताओं ने स्थिर सरकार के पक्ष में तो मतदान किया, पर उनकी पहली पसंद बनी भाजपा। अब जबकि मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार वर्ष 2024 में केंद्र में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करेगी तो उनके विरोधियों को लगता है कि सत्ता विरोधी भावना इतनी मुखर होगी कि उसे आसानी से भुनाया जा सके। सिर्फ इसलिए नहीं कि अतीत में लोकप्रिय प्रधानमंत्री भी दूसरे कार्यकाल की फिसलन का शिकार होते रहे हैं, बल्कि जानलेवा वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने की मोदी सरकार की रणनीति पर चौतरफा सवाल खड़े हुए हैं। कोरोना संकट के चलते बढ़ती बेरोजगारी और बेलगाम महंगाई ने सरकार की साख पर सवालिया निशान लगाये हैं तो आठ महीने से दिल्ली की दहलीज पर जारी किसान आंदोलन भी अनुत्तरित सवाल बना ही हुआ है। इस बीच फ्रांस में राफेल सौदे की जांच तथा पेगासस जासूसी सरीखे खुलासों को भी विपक्ष अपने तरकश में चुनाव जिताऊ तीरों की तरह देख रहा है। जनमत का संकेत अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में मिल पायेगा, लेकिन तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव भाजपा के पक्ष में पिछले दो लोकसभा चुनावों की तरह एकतरफा तो नहीं होने वाले। आगामी लोकसभा चुनाव निश्चय ही भाजपा विरोधी दलों–नेताओं के लिए एक बड़ा अवसर होंगे, पर तभी जब वे एकजुट होकर विश्वसनीय विकल्प पेश कर पायें। जमीनी वास्तविकता की बात करें तो विपक्ष में कांग्रेस ही एकमात्र राष्ट्रीय दल है, जिसकी हैसियत भी मात्र 53 लोकसभा सीटों से स्वयं स्पष्ट है, पर मोदी का विकल्प यानी प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षाएं क्षेत्रीय नेताओं के मन में भी कम जोर नहीं मार रहीं। भले ही राकांपा प्रमुख शरद पवार और ममता बनर्जी प्रमुख दावेदार दिखते हैं, पर कांग्रेस राहुल की दावेदारी छोड़ते हुए सत्ता से वनवास का वरण क्यों करेगी? कौन जानता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम फिर से अखिलेश के मन में, उनके पिता की तरह, दिल्ली की सत्ता का मोह जगाने वाले आ जायें? आखिर उत्तर प्रदेश में पश्चिम बंगाल से लगभग दोगुना लोकसभा सीटें हैं। दीदी की दबंगई को अन्य गैर–भाजपा दल भी आसानी से स्वीकार नहीं करने वाले। जाहिर है, मोदी से पहले इन दावेदारों का आपस में ही मुकाबला होगा। यह भी भाजपा और मोदी की बड़ी ताकत है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया क्षेत्रीय मंत्री का स्वागत

रुद्रपुर। भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ का विनोद गुप्ता को क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर रुद्रपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत से अभिभूत विनोद ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों का बखूबी निर्वहन करेंगे। पार्टी बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने में पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान नगर मण्डल अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष कमलेश सिंह, मदन मोहनगुप्ता,सुनील गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, श्रवण निगम, दिलीप निगम, सोनू जायसवाल, संतोष गुप्ता, दुर्गेश गांधी, वरुण सिंह, धनंजय मौर्या, प्रदीप निगम, धर्मेंद्र, रत्नेश, अमित, संजय गुप्ता एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपाइयों ने किया स्वागतः सलेमपुर, देवरिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश शाही को गोरखपुर क्षेत्रीय आर्थिक प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनाए जाने पर मझौलीराज में स्वागत किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजय दुबे, सुनील गुप्ता, आशीष मिश्रा, अमित सिंह, प्रभाकर द्विवेदी, मुरली जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, मनोज चौरसिया, महेश शर्मा, मृत्युंजय श्रीवास्तव, रोशन सिंह, □मामल हुसैन आदि मौजूद रहे।

# अपनों ने ही की थी एसएसओ की हत्या!

देवरिया । कुशीनगर के हाटा के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ की हत्या की गुत्थी पुलिस सुलझाने के करीब पहुंच गई है। एसएसओ की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि अपनों ने ही की है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के सगे दो छोटे भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि पूछताछ में घटना का सच सामने आ गया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया के रहने वाले अरविद कुमार यादव 30 वर्ष पुत्र राधेश्याम हाटा विद्युत उपकेंद्र पर एसएसओ (सब स्टेशन आपरेटर) के पद पर तैनात थे। मंगलवार की रात उनकी हत्या कर बरियारपुर थाना क्षेत्र के मुंडेरा के समीप बोरे में शव रख फेंक दिया गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जब काल डिटेल खंगाला गया तो अंतिम लोकेशन मकान पर ही मिला। जबकि भाई साढ़े तीन बजे मकान से जाने का दावा करते रहे। कोई साक्ष्य न मिलता देख पुलिस ने एक दिन पूर्व अपनों को ही उठा लिया और पूछताछ की। .कोतवाली में पुलिस पूछताछ करती रही। पूछताछ में एक ने पूरी घटना बता दी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामूली बात में एसएसओ की हत्या की गई है। सीओ सलेमपुर कपिलमुनी सिंह ने कहा कि कुछ लोगों से इस मामले में पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# दूसरे की भूमि दिखाकर नौ लाख रुपये की ठगी

महराजगंज । नौतनवा कस्बे में एक भूमि दिखाकर नौ लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में शिकायत करने पर पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बजाय शिकायतकर्ता को ही शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। सोनपिपरी गांव के निवासी राम प्रकाश ने मुख्यमंत्री शिकायती पोर्टल पर शिकायत किया कि दो फरवरी को उसी के गांव के कुछ लोगों ने उसके गांव के पास की एक खाली पड़ी भूमि को दिखाया। मौके की भूमि देख वह उसे खरीदने के लिए तैयार हो गए और नौतनवा आकर एक महिला को स्टांप लिखकर नौ लाख रुपये दिए। लेकिन जब वह भूमि पर कब्जा करने पहुंचे तो दूसरी महिला वहां आ गई। वह कहने लगी कि भूमि उसकी है। तब जाकर उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हो गई है। उसने ठगी करने वालों से पूछा तो वह रकम दिलाने वाले मध्यस्थ रकम वापस कराने से इंकार कर गए और रकम लेने वाली महिला भी गायब है। नौतनवा थाना पर पहुंचा तो वहां सुनवाई नहीं हुई। फिर पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। जिसके निस्तारण में पुलिस ने यह रिपोर्ट लगाई कि जांच में लेनदेन के कोई सुबूत नहीं मिले। शांति व्यवस्था के □ष्टिगत शिकायतकर्ता को चालान कर दिया गया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल चल रही है।

# खुली रही दुकानें, होती रही खरीदारी

महराजगंज । जिला मुख्यालय के मऊपाकड़, नगर तिराहा, फरेंदा रोड सहित कई स्थानों पर मनमाने ढंग से न सिर्फ दुकानें खुली रही बल्कि लोगों की भीड़ भी लगी रही। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने कहा कि खुली दुकानों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बिना मास्क लगाए घूम रहे लोग नौतनवा क्षेत्र में कोरोना संक्रमण को लेकर धीरे–धीरे रोकथाम के उपाय लोग भूलते दिख रहे हैं। पहले सभी लोग मास्क के बिना घर से नहीं निकलते थे। चाहे बुजुर्ग हो या नौजवान, साइकिल व बाइक सवार मास्क लगाए नजर आते थे, वहीं प्रशासन भी काफी सतर्क रहता था। वर्तमान में थोड़ी ढील दी गई तो जैसे संक्रमण को लेकर गंभीरता भी समाप्त होती दिखाई दे रही है। रेलवे स्टेशन नौतनवा में अधिकतर यात्रियों को बिना मास्क देखा गया, इनको देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोरोना को लेकर कोई सावधानी नहीं है। जबकि स्टेशन पर बिना मास्क पकड़े जाने पर जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। उसके बावजूद यात्री बिना मास्क जिम्मेदार अधिकारियों के सामने घूम रहे हैं, वह भी नजर अंदाज करते दिखाई दे रहे हैं। स्टेशन अधीक्षक जफरे आलम ने बताया कि मास्क लगाने के लिए प्लेटफार्म पर पोस्टर लगाकर जागरूक किया गया है, उसके बावजूद लोग गंभीर नहीं हैं।

# जिले में कच्ची के खिलाफ चला अभियान, 28 गिरफ्तार

देवरिया। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में कच्ची के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया और भारी मात्रा में लहन नष्ट किया। इस दौरान 28 लोगों को जहां गिरफ्तार किया। शराब भी बरामद की गई। कच्ची के खिलाफ कार्रवाई से धंधेबाजों में खलबली मची रही। सदर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न ईंट भट्ठों पर पहुंच अभियान चलाया और 80 लीटर कच्ची के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में मुकदमे की कार्रवाई की गई। जबकि रुद्रपुर के कोइलगढ़हा में सुबह में ही कच्ची के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। अभियान चलाने के लिए पुलिस को नाव से जाना पड़ा। इस दौरान शराब के साथ ही भारी मात्रा में पुलिस ने लहन नष्ट किया। बरहज पुलिस भी नाव से पहुंच कर कच्ची के अड्डों पर छापेमारी की। पुलिस की इस कार्रवाई से 335 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस अध ीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने कहा कि कच्ची के खिलाफ अभियान चलाया गया है। चीनी मिल व न्यू कालोनी पार्क में पुलिस का छापा, 13 हिरासत में : देवरिया। शहर के चीनी मिल ग्राउंड व न्यू कालोनी पार्क में रात पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान 13 लोग पकड़े गए। जिन्हें लेकर कोतवाली चली गई। पुलिस की इस कार्रवाई से खलबली मची रही। चीनी मिल ग्राउंड व न्यू कालोनी पार्क में रात को कुछ अराजकतत्वों द्वारा शराब पीने व अराजकता करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र से किसी ने की थी। जिसके बाद कोतवाली पुलिस देर रात दोनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शराब पीते हुए नजर आए। पुलिस को देखते ही वह भागने लगे। पुलिस टीम ने दौड़ाकर 13 लोगों को पकड़ लिया। इस दौरान चार कार, तीन बाइक व चार साइकिल भी बरामद की।

# कोरोना काल में सफाई कर्मियों ने रात–दिन किया है मेहनत–'गुड्डू खान'

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। नौतनवा नगर से



संचालित स्वयं सेवी संस्था प्लान इण्डिया के तहत आज नौतनवा नगर पालिका के 150 सफाई कर्मचारियों में खाद्यान्न वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौतनवा विधायक 'अमन मणि त्रिपाठी' तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष 'गुड्डू खान' ने कोरोना काल में नगर को कोरोना से बचाने वाले सफाई कर्मियों में खाद्यान्न वितरित किया। इस अवसर पर 'विधायक' ने कहा कि ष्कोरोना काल में हमारे सफाई कर्मियों ने रात–दिन मेहनत कर नगर को कोविड संक्रमण से बचाने का कार्य किया,परिणाम स्वरूप हमारे नगर में संक्रमण बहुत कम रहा,इसके लिए हम अपने सभी कर्मियों का आभार प्रकट करते हैं। 'पालिका अध यक्ष' ने कहा कि लाकडाउन के दौरान जब पूरा देश घर मे रहने को विवश था ऐसी विकट स्थिति में हमारे सफाई कर्मी अपनी जान कि परवाह किये बिना नगर की साफ –सफाई, सेनेटाइजर व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर नगर के लोगो को स्वस्थ रखा,साथ ही इन कर्मियों को खाद्यान्न वितरित करने के लिए प्लान इण्डिया को बधाई देते हैं। कार्यक्रम में सभासद शाहनवाज खान,प्रहलाद प्रसाद, प्लान के समन्वयक रामकरन,बाल विकास मित्र विनोद कुमार एवं चुल्हाई के अलावा प्रमोद पाठक,गुड्डू उपाध्याय, प्रधान लिपिक रमाशंकर सिंह, संतोष श्रीवा0, रविकांत वर्मा, विंध्याचल सिंह, अफरोज, महबूब आलम, सत्यप्रकाश, गोविन्द प्रसाद, अनुज राय, विवेक शुक्ला, उमेश कुमार के अलावा पालिका के सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कम अंक देने से नाराज छात्रों व अभाविप का प्रदर्शन

देवरिया। सीबीएसई से यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल की इंटर की मान्यता न होने के बाद भी प्रवेश लेने व दूसरे विद्यालय में नामांकन कराने के कारण कम अंक मिलने से नाराज कुछ छात्रों व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने डीएम आवास के सामने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विद्यालय के जिम्मेदारों ने छात्रों के भविष्य के साथ न केवल खिलवाड़ किया है, बल्कि धोखाध ड़ी की है। उपजिलाधिकारी सदर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल को सीबीएसई से हाईस्कूल तक की मान्यता मिली है। इसके बाद भी इंटर में प्रवेश लिया गया। लेकिन दूसरे विद्यालय में नामांकन कराया गया। आरोप है कि इसके चलते छात्रों को इंटर में कम अंक मिले हैं। इससे नाराज छात्रों ने पहले विद्यालय व उसके बाद डीएम आवास पहुंचकर प्रदर्शन किया। जिला संगठन मंत्री शिवम मिश्र ने कहा कि शिक्षा के मंदिर को व्यापार का केंद्र बनाकर सरकार को बदनाम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार यादव ने कहा कि छात्रों को भ्रमित कर उनका पंजीकरण किसी अन्य विद्यालय में कराया कर धन उगाही की गई। अब विद्यालय के जिम्मेदार पल्ला झाड़ रहे हैं। जिले में बिना पंजीकरण के संचालित विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल ने छात्रों के साथ धोखाध ड़ी की है।

जिला संयोजक सौम्य मिश्र ने कहा कि जिले में शिक्षा माफिया व दलालों के दबाव में आकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। तीन दिन के भीतर जांच कर छात्रों के साथ न्याय नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता आमरण अनशन पर बैठेंगे। विद्यालय की छात्रा ने विद्यालय व पुलिस प्रशासन पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से पुलिस बुलाकर खदेड़ा गया। कार्रवाई की धमकी दी गई। इस दौरान ऋतिक, पंकज, प्रियांशु, निशांत , शिवम, प्रतुश, खुशबू, मुश्कान,ज्योति, दीपांशी, आकृ ति, प्रतिभा, हिमांशु, मनीष, राहुल, आरिफ, कैफ, सागर समेत बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। उध ार यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज वर्मा ने कहा कि जो छात्र चाहते हैं उनकी दोबारा परीक्षा दिलाई जाएगी। उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मैं भी इससे दुखी हूं। बच्चे मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में मिशन 2022 का संकल्प

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला, गोरखपुर। गोपालपुर मण्डल कार्य समिति की बैठक




रविवार को बंशी चन्द पीजी कॉलेज चिलवां में संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी व प. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि व पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी ने कार्यक्रमों के समीक्षा की जानकारी ली ।उन्होंने मिशन 2022 के लिये अभी से कमर कसने के लिये कहा। बैठक में उन अभियान और कार्यक्रमों पर चर्चा हुई जिनको लेकर पार्टी 2022 के लिए अब आगे बढ़ेगी । उन्होंने राज्य सरकार के काम–काज की जमकर सराहना की। और आने वाले 2022 में भाजपा की सरकार ब इननेगी। सेवा ही संगठन के मूलमंत्र केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याण नीतियों के साथ कार्यकर्ता जनता में जायेगे। बीजेपी सरकार एक ऐसे भारत के निर्माण के संकल्प के साथ सेवारत है जहाँ कोई गरीब बेघर न हो, न भ्र्ष्टाचार हो, हम संगठन सेवा के माध्यम से जनसेवा की साधना को सभी कार्यकर्ता मिलकर पूरा करेंगे और आगामी दिनों में आने वाले चुनावों में जनता की सेवा के लिए भारी समर्थन जुटायेंगे।

# हिस्ट्रीशीटर मुर्तुजा बंजारा गांजा के साथ गिरफ्तार

महराजगंज । सिदुरिया पुलिस ने जिले के टापटेन हिस्ट्रीशीटर व कुख्यात बदमाश मुतुर्जा बंजारा को 3.4 किलोग्राम गांजा के साथ मंगलापुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है। मुर्तुजा पर हत्या, डकैती व लूट समेत कुल 22 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार छह माह पूर्व मुर्तुजा जेल से छूटने के बाद से गांजे के कारोबार में लिप्त था। सिदुरिया के थानेदार अजित कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक ओमप्रकाश गुप्ता पुलिस आरक्षी अनिल व सतीश चंद्र के साथ वाहन जांच में लगे हुए थे तभी सूचना मिली कि एक आरोपित गांजा लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर आरोपित को सिदुरिया–निचलौल मार्ग स्थित मंगलापुर नहर पुल से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपित की पहचान टापटेन व कुख्यात बदमाश मुर्तुजा बंजारा के रूप में हुई। धनेवा–धनेई के सुकठिया टोला निवासी व टापटेन अपराधी मुर्तुजा बंजारा का आपराधि ाक इतिहास 24 साल पुराना है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार उसके ऊपर पहला हत्या का मामला 1997 में दर्ज हुआ था। मुर्तुजा ने 16 अप्रैल 1997 की शाम छह बजे सुकठिया के मुस्तफा को दौड़ा कर गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसके बाद अपराध ा की दुनिया में उतरा और लूट, हत्या, डकैती की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था। उसके उपर डकैती, हत्या, लूट, चोरी, गोवध अधिनियम सहित एनडीपीएम एक्ट में कुल 22 मुकदमें दर्ज हैं। पिछली बार मुर्तुजा को पुलिस ने पांच अप्रैल 2018 में मुठभेड़ में पैर पर गोली मारकर गिरफ्तार किया था। इध ार लंबे समय से छूटने के बाद आरोपित नेपाल और अपने एक अन्य रिश्तेदार के वहां रहकर तस्करी आदि के कार्यों में लिप्त था। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता जिले के कुख्यात बदमाश मुर्तुजा बंजारा को सिदुरिया पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की यह कार्रवाई सराहना योग्य है।

# महिला ने बरिष्ठ पुलिस अधिक्षक से न्याय की मांग की

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के बारानगर निवासी रीतू सिंह पत्नी अतुल सिंह ने श्रीमान बरिष्ठ पुलिस अधिक्षक को प्राथना पत्र दे कर न्याय की गुहार लगायी। रीतू सिंह पत्नी अतुल सिंह गोला थाना क्षेत्र के बारा नगर की निवासी है। इन्होने अपने प्राथना पत्र में लिखा है कि हमारे पति पुर्व प्रधान प्रतिनिधि रह चुके हैं। विते चुनाव के बाद हमारे बीरोधी जो प्रधान पति है।ये हम प्रार्थी के पति और परिवार से चुनावी रंजिश रखते हैं। दिनांक 29 जून को मो 9126202810, 9936770277 से हमारे पति के मो 7887062212 पर धमकी भरा फोन आया। हमारे पति इसकी सुचना देने 30 जून को स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देने गये थे, जहां पर जांच के नाम पर हल्का दारोगा ने बैठा लिया। हल्का दरोगा का हमारे विरोधी से गहरा पैठ है। उसी के दबाव में हमारे पति को फर्जी तरीके से गांजा दिखा कर चालान कर दिया जो जांच का विषय है। रीतू सिंह ने श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निस्पक्ष जांच करा कर उक्त दरोगा पर विभागीय कार्यवाही के साथ साथ हमारे पति पर फर्जी एन डी पी एस केस को रद्द करने की मांग की है।

# सामाजिक समरसता में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी : प्रो. संजय सिंह

प्रयागराज। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो.संजय सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता एवं सहयोग में नई शिक्षा नीति बहुत उपयोगी है। यह सिर्फ शिक्षा ही नहीं वरन छात्रों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक है।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में रविवार को नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में उच्च शिक्षा में भविष्य के उपागम पर आयोजित सेमिनार में प्रो. सिंह ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहु विषयक पाठ्यक्रम एवं शोध के क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को तैयार होना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह दायित्व है कि वह अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों में नीतिगत क्रियान्वयन करें तथा इसके लिए विद्यार्थियों को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने नवागंतुक शिक्षकों को संदेश दिया कि वह सिर्फ आंकड़ों पर ही नहीं बल्कि अकादमिक गुणवत्ता पर भी ध यान दें। शिक्षकों को हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। नई शिक्षा नीति छात्रों, शिक्षकों एवं देश के विकास में सकारात्मक तथा प्रभावकारी सिद्ध होगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में शोध कार्य प्रारम्भ होने पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह को बधाई दी। कहा कि शोध से निश्चय ही समाज और देश के विकास में नवीन आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने शिक्षकों एवं शोध ा छात्रों का आह्वान किया कि वह निष्ठापूर्वक शोध कार्य करें तथा शोध पत्रों का प्रकाशन करते रहें। अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा। नई शिक्षा नीति सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी। शिक्षा विद्या शाखा के प्रभारी प्रो.प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि नई शिक्षा नीति से देश की शिक्षा नीति को नई दिशा मिलेगी। कहा कि विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को ऑनलाइन मंच पर उपस्थित रहकर छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो संजय सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो एस कुमार, प्रो रुचि बाजपेई, डॉ दिनेश सिंह, डॉ सतीश जैसल, डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ सी.के सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डॉ अनिल सिंह भदौरिया, डॉ प्रभात चंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर निषाद, मल्लाह, मछुआ समाज को मिलेगा उनका हक

प्रयागराज। सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप ने आज संगम क्षेत्र में भारी बरसात के बावजूद इकट्ठे सैकड़ों की संख्या मे मल्लाह, निषाद एवं मछुआ समुदाय को लोगों को संबोधि ात करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर नाविकों की सुरक्षा एवं आर्थिक मजबूती के लिए काम किया जाएगा चाहे इसके लिए नए कानून भी बनाने पड़े। प्रयागराज के बसवारा गांव में नाविकों की नाव पर जेसीबी मशीन लगाकर भाजपा सरकार में तोड़ा गया इसकी घोर निंदा करते हैं। भाजपा सरकार में ही वाराणसी में गुजरात से क्रूज मशीन लाई गई है जिससे नाविकों का रोजगार छीनने का खतरा हो गया है। आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़ों दलितों के अधिकारों का शोषण कर रही है उन्हें बेरोजगार कर दर–दर भटकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। डॉ राजपाल कश्यप ने वादा किया कि सपा की सरकार बनने पर बसवारा गांव के नाविकों को नई नाव दी जाएगी। नाविकों का एवं उनके नावों का इंश्योरेंस कराया जाएगा चाहे इसके लिए कानून बनाना पड़े। कहा कि सपा सरकार में नदी के किनारे रहने वाले मछुआरा समुदाय के लोगों को बालू, घाट, सिंघाड़ा आदि के लिए पट्टे दिए गए थे, भाजपा सरकार में कुछ माफियाओं के हाथ में हो गया है। डॉक्टर राजपाल कश्यप ने आज जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव, एम एल सी बासुदेव यादव, वरिष्ठ नेता पप्पूलाल निषाद, महावीर यादव के घर चाय पर गये। डॉ कश्यप कौनधियारा क्षेत्र के सपा कार्यकर्ता सोनू जिसकी लाठी, डंडे से पिट कर हत्या कर दी गई उसके घायल छोटे भाई संदीप यादव से मिलने पार्वती अस्पताल भी गये। संदीप को भी मारपीट के दौरान चोट आई थी जिसका इलाज चल रहा है।सोरांव थाना क्षेत्र केअंतर्गत गत सप्ताह हुई देव नारायण पटेल एवं उनकी पत्नी रंजना पटेल की हत्या के बाद संवेदना देने पहुंचे। विभिन्न स्थानों पर सम्मलेन करके पिछड़े वर्ग के लोगों को जोड़ने का काम किया।नैनी एडीए के पास मजदूर सभा के अध्यक्ष एस पी यादव के घर गोष्ठी में कहा कि सर्वाधिक मजदूर तबका इस करोना काल में परेशान है। बिजली घर के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्मेलन को भी संबोधित किया। रामायण कालीन निषाद राज की राजधानी श्रृंगवेरपुर में पहुंचने के बाद उनका स्वागत स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से लादकर किया।डॉ कश्यप ने सपा की सरकार बनने पर श्रृंग्वेर पुर में निषादराज, महर्षि कश्यप, वीर एकलव्य एवं पूर्व सांसद फूलन देवी की मूर्ति एवं स्मारक बनवाने का वादा किया। इस दौरान योगेश चंद्र यादव, सैयद इफ्तेखार हुसैन, लालता प्रसाद निषाद, पंधारी यादव, डॉ मान सिंह यादव, नागेंद्र पटेल, श्यामलाल पाल, सत्यवीर मुन्ना, पप्पू लाल निषाद, नन्दलाल निषाद नंदा, पंचू राम निषाद, संदीप यादव भूपेंद्र श्रीवास्तव, कृपा शंकर बिन्द, राकेश वर्मा राजीव रंजन, कमला यादव, सुधा यादव, मीरा निषाद,दूध नाथ पटेल, पूर्व प्रमुख संदीप यादव,रामप्रताप, डॉ देवी पटेल, रविंद्र यादव, रमाकांत पटेल, संजीव निषाद, महेन्द्र निषाद, हीरालाल, मटरू, संतोष निषाद, इंदु यादव, निर्मला यादव, संतलाल वर्मा, आर. एन. यादव, दान बहादुर मधुर, मोईन हबीबी, ओमप्रकाश, विशाल निषाद, दिलीप यादव आदि मौजूद रहें।

# निष्पक्ष निर्भीक स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए कलमकारों का अंबिका फाउंडेशन ने किया सम्मान

## फाउंडेशन ने वरिष्ठ पत्रकार अविनाश पांडे के साथ 45 कलमकारों को किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। कोई तुम्हारे कांधे पर हाथ रखता है, तो तुम्हारा हौसला बढ़ता है, पर जब किसी का हाथ कांधे पर नहीं होता, तब तुम अपनी शक्ति खुद की बन जाते हो, और वही शक्ति ईश्वर है। भगवान बुद्ध के यह विचार वरिष्ठ पत्रकार डॉ अविनाश पांडे ने अंबिका फाउंडेशन द्वारा आयोजित बलरामपुर मॉडर्न बालिका इंटर कॉलेज सभागार में पत्रकार सम्मान समारोह में व्यक्त किया है। सामाजिक संस्था अंबिका फाउंडेशन की फाउंडर एवं अध्यक्ष सुधा बौद्ध ने बलरामपुर मॉडर्न बालिका इंटर कॉलेज में पत्रकार सम्मान समारोह एवं भगवान बुद्ध



के उपदेशों की सार्थकता पर चौथे स्तंभ के साथ विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन अध्यक्ष ने कहा कि आज बड़े गर्व का विषय है कि निष्पक्ष निर्भीक निष्काम भाव से समाज की सेवा करने वाले चौथे स्तंभ के साथ वार्ता एवं उन्हें सम्मानित करने का अवसर मिला है उन्होंने कहा कि कलम कारों की लेखनी से प्रेरित होकर आज समाज सेवा का जो बीड़ा उठाया है उसे पूरा करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगी कार्यक्रम के दौरान जिले के चौथे स्तंभ के रूप में पहचान बनाए हुए मीडिया कर्मियों को भगवान बुद्ध की प्रतिमा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया फाउंडेशन अध्यक्ष सुधा बौद्ध पल्लवी पांडे वरिष्ठ पत्रकार डॉ अविनाश पांडे बंदना मिश्रा एवं मॉडर्न बालिका इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल प्रीति श्रीवास्तव के हाथों पत्रकारों को सम्मानित किया गया फाउंडेशन अध्यक्ष ने पत्रकार सुरेश तिवारी अजय शर्मा अनिल गुप्ता अहमद रजा बजरंगी गुप्ता नोमान हाशमी नरेंद्र पटवा हंसराज राजेश दुबे ब्रजेश उपाध्याय अजय श्रीवास्तव शिवम श्रीवास्तव पवन तिवारी विजयपाल रामचरित्र भानु तिवारी नीरज शुक्ला जी पी मिश्रा शरीफ अंसारी आकाश कश्यप पंकज यादव सुनील सोनी सौरभ मिश्रा अनिल शुक्ला इकबाल खान मोहम्मद तौफीक दीवारी राधेश्याम गुप्ता राजेश कुमार प्रदीप पाठक सुनील तिवारी शिवांशु शुक्ला प्रमोद पांडे आशीष गुप्ता विजय पांडे प्रभाकर कसौधान रामदास हाजी निसार उस्मानी शिव कुमार त्रिवेदी विजय पांडे अशोक गुप्ता आदि समाज के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया कर्मियों को भगवान बुद्ध की प्रतिमा प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया है कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों को कोरोना वारियर्स के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है

# गेला थाना ने किया हत्या का खुलासा,तीन अभियुक्तगिरफ्तार



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर में अपराध एवं अपराधियों पर पुर्ण रूप से अंकुश लगाए जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के दिशा निर्देश में व पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व पुलिस उपाधीक्षक बांसगांव के कुशल मार्गदर्शन में अमित दूबे प्रभारी निरीक्षक गगहा के नेतृत्व में उ0नि0 विनय कुमार मिश्रा मय हमराह उ0नि0 प्रदीप पाण्डेय मय पुलिस फोर्स के थाना हाजा से रवाना होकर सुरागरसी पतारसी व तलाश वान्छित अभियुक्त मे ग्राम सिहाइजपार में मौजूद थे कि जरिये मुखबीर सूचना मिली की थाना गोला में पंजीकृत मु0अ0सं0 291ध्21 धारा 302ध्307ध्506ध्120बी व 3(2) 5 ए0सी0एस0टी0 एक्ट से सम्बन्धित तीन नामजद वांछित अभियुक्त दो मोटर साईकिल से सियर मोड़ गजपुर से गगहा तिराहे के तरफ आ रहे है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़े जा सकते। मुखबीर की बातो से हमराह कर्म0गण को अवगत कराते हुये गगहा तिराहा गजपुर मोड़ पर पहुँच कर आने वाली दोनो मोटर साईकिल गाड़ियो का इन्तजार करने लगे की थोड़ी देर बाद दो मोटर साईकिल पर सवार कुल तीन व्यक्ति आते हुये दिखायी दिये । हम पुलिस वालो को अचानक देखकर गाड़ी वापस मुड़ा कर भागना चाहे कि हमराही कर्म0गण की मदद से तीनों व्यक्तियो को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों से बारी बारी जामा तलाशी लेते हुये नाम पता पूछा गया तो क्रमशः अपना नाम 1. उपेन्द्र कुमार 2. अजय कुमार मिश्रा 3. नलिन कुमार मिश्रा पुत्रगण रामकवल मिश्रा निवासीगण देवकली धर्मसेन थाना गगहा गोरखपुर बताये जो मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त है तस्दिक होने के उपरान्त कारण गिरफ्तारी बताते हुये समय करीब 12.15 बजे उपरोक्त तीनो अभियुक्तगणो को हिरासत पुलिस लिया गया। बरामदशुदा मो0सा0 के सम्बन्ध में पूछा गया तो उपेन्द्र मिश्रा उपरोक्त द्वारा बताया गया कि साहब गोला थाना क्षेत्राअन्तर्गत हुई अनीस कन्नौजिया की हत्या में इन्ही दोनो गाड़ी का प्रयोग किया गया था। अभियुक्तगण उपरोक्त को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# पृथ्वीनाथ शिव मन्दिर में चल रही रामकथा में शिवपार्वती का हुआ धूम–धाम से विवाह

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। संकट से कभी घबराना नहीं चाहिए, रास्ते कभी खध्तम नहीं होते बस लोग हिम्मत हार जाते हैं। वह व्यक्ति जिसे खुद पर भरोसा होता है वह दूसरे का भी भरोसा जीतने में कामयाब हो जाता है बस आप बोलचाल के लहजे एवम् वाणी के महत्व को समझ लें तो आप सफलता के नए सोपान प्राप्त कर सकते हैं। मधुर वाणी से आप कठिन से कठिन कार्य आसानी से करवा सकते हैं। उक्त बातें गोला विकास खण्ड के देवकली(कुड़वाआम) में स्थित पृथ्वीनाथ शिवमन्दिर परिसर में चल रही रामकथा श्रवण मास के रविवार को तीसरे दिन अयोध्या से पधारे मानस मर्मज्ञ आचार्य



विनोद जी महाराज ने व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कही।आगे उन्होंने शिव और पार्वती विवाह का उल्लेख करते हुए कहा कि शिव जो दुनिया के सबसे तेजस्वी प्राणी थे उनकी सादी में बड़े से बड़े और छोटे से छोटे लोग समिल हुए। सभी देवता तो वहां मौजूद थे ही, साथ ही असुर भी भी वहां सामिल हुए आमतौर पर जहां देवता जाते वहां असुर नहीं जहां असुर वहां देवता नहीं। सादी में भूत – पिसाच, कीड़े मकोड़े आदि जीव जंतु भी सामिल हुए यह देख कर पार्वती जी की मां डर गई और कहा कि ऐसे वर से अपनी पुत्री का विवाह नहीं कर सकती तब देवताओं ने परम्परा के अनुसार तैयार किया और सुंदर तरीके से श्रृंगार किया तब विवाह धूम – धाम से सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व कथा का शुभारंभ कृष्ण गोपाल दुबे ने व्यास पीठ की आरती करके की।अंत में आयोजक श्याम मुरारी यादव ने सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी, सेंटल एकेडमी के निदेशक सृंजय मिश्र (मुन्नू मिश्र), संगम दुबे, ब्रह्मानंद दुबे, छोटे लाल यादव, रविन्द्र तिवारी, धरणीधर दुबे, शिव शंकर प्रजापति, प्रेम सिंह, रविन्द्र यादव, विजय बहादुर सिंह, अजय मिश्र, राम सहाय दुबे, चंद्रिका यादव, संजय दुबे, भागीरथी यादव, देवेन्द्र दुबे, मोहन दुबे, झिनकू यादव, दिलीप यादव, रोहित मिश्र आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एल पी एम स्कूल में फेल हुए छात्रों ने किया हंगामा

## एस डी एम गोला ने प्रबंध तंत्र व छात्रों एवम अभिभावकों को बुलाया तहसील सभागार में

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/ गोरखपुर। गोला तहसील तिराहे पर स्थित सी बी एस ई बोर्ड द्वारा संचालित एल पी एम पब्लिक स्कूल गोला के बारहवीं में फेल छात्रों ने रविवार को स्कूल के पास खड़े हो कर हंगामा खड़ा कर दिया था। फेल हुए छात्रों का आरोप है कि विद्यालय प्रति छात्र दो हजार से पांच हजार रुपये का डिमांड किया था। जो छात्र रुपये नहीं दे पाए उन्ही छात्रों को फेल करा दिया गया है। इस बात को एस डी एम गोला ने सज्ञान में लेते हुए सोमवार को तहसील सभागार में फेल हुए 57 छात्रों एवम् अभिभवकों के साथ साथ विद्यालय के प्रबंध तंत्र को बुलाकर अपना अपना पक्ष रखने को कहा। दोनों पक्षों से रखे गए बातों को सुनने के बाद उपजिलाधिकारी गोला ने इस प्रकरण को डी



एम एवम् डी आई ओ एस को रिपोर्ट भेजने का आश्वासन दिया। यहां बता दें कि इस महामारी में शासन द्वारा सभी शिक्षण संस्थान बंद करा दिये गए थे। सी बी एस ई बोर्ड ने अपने माध्यम से संचालित होने वाले विद्यालयों से दसवी व बारहवी के सभी छात्रों की सूची भेजने का आदेश जारी किया था। एल पी एम में कुल 237 छात्र छात्राएं रजिस्टर्ड थे। प्रबंध तंत्र द्वारा सबकी सूची बोर्ड को उपलब्ध करा दी गयी। बोर्ड ने 57 छात्रों को फेल कर दिया। 180 छात्र छात्राये पास हुए। फेल छात्रों ने हंगामा खड़ा कर दिया। छात्रों का कहना था कि शासन का निर्देश था कि सभी छात्र प्रमोट कर दिए जाय। विद्यालय ने जान बूझ कर हम लोगों को फेल करा दिया। प्रबंधा तंत्र का कहना था कि बोर्ड का एक अपना नियम है। पिछले सत्र में जितने लोग पास हुए थे उससे ज्यादे परिणाम नही आने थे। विद्यालय की तरफ से सभी छात्रों को पास करने के लिए सूची भेज दी गयी थी। लेकिन बोर्ड ने मात्र 180 छात्र छात्राओं को पास किया। इसमें विद्यालय का कोई दोष नही है। इसके बाद बोर्ड का आदेश है कि जो छात्र इस निर्णय से असंतुष्ट है वह कुछ ही दिनों के बाद बोर्ड के आदेशानुसार परीक्षा फार्म भरकर परीक्षा में बैठ कर परीक्षा देकर अपना परिणाम प्राप्त कर सकते है। एस डी एम ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद छात्रों व अभिभावकों से कहा कि आप लोग लिख कर हमे दीजिये। हम डी एम व डी आई ओ एस के पास रिपोर्ट बनाकर भेज देता हूं।

# कानपुर से रिश्तों को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई

दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। कानपुर से रिश्तों को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। यहां बेटे बहू ने अपने 70 साल के बुजुर्ग मां बाप को पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। बुजुर्ग दंपति ने रोते–बिलखते चौकी इंचार्ज से लेकर डीसीपी तक से मदद की गुहार लगाई लेकिन किसी ने नहीं सुनी। आखिरी उम्मीद लेकर पुलिस कमिश्नर असीम अरुण के पास पहुंचे तो उनका दिल पसीज गया। बेटे बहू की करतूत सुनकर कमिश्नर भड़क उठे और फोर्स के साथ खुद बुजुर्ग दंपति को लेकर उनके घर पहुंच गए। कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने तुरंत बुजुर्ग के बेटे बहू को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। बुजुर्ग दंपति को सम्मान के साथ उनका घर वापस दिला दिया। मामला जेके कॉलोनी जाजमऊ का है। यहां रहने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग अनिल कुमार शर्मा और उनकी पत्नी कृष्णा देवी को बेटे–बहू ने पीटकर घर से बेदखल कर दिया। बुजुर्ग दंपति चौकी, थाना और डीसीपी ईस्ट के पास गए। लेकिन किसी ने ठीक से सुना तक नहीं। इसके बाद दोनों पुलिस कमिश्नर असीम अरुण के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इतने बुजुर्ग जो चलने को भी मोहताज थे उनके साथ ये सुलूक देखकर उनका दिल पसीज उठा। वह खुद बुजुर्ग दंपति को अपनी गाड़ी से लेकर फोर्स के साथ उनके घर पहुंचे। पुलिस ने घर में मौजूद बेटे अभिषेक और बहू मनीषा को हिरासत में लिया। इसके बाद बुजुर्ग की तहरीर पर बेटे बहू के खिलाफ चकेरी थाने में एफआईआर दर्ज करके जेल भेज दिया गया। हांलाकि एफआईआर मारपीट की धाराओं में हुई थी, लेकिन उनकी हरकतों को देखते हुए जमानत नहीं दी गई और जेल भेज दिया गया। कमिश्नर जब बुजुर्ग दंपति को लेकर उनके घर पहुंचे तो उनकी ओर से बताई गई प्रताड़ना की हर एक दास्ता बिल्कुल सच निकली। बुजुर्ग दंपति के कमरे में बेटे बहू ने ताला लगा रखा था। कमिश्नर से ताला खुलवाया तब जाकर बुजुर्ग दंपति ने राहत की सांस ली। इतनी फोर्स देखकर बेटे–बहू दंग रह गए और उनकी कलई खुल गई। मौके से ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया और फिर एफआईआर दर्ज करके जेल भेज दिया गया। चौकी थाने में सुनवाई नहीं होने के चलते बुजुर्ग दंपति बेटे और बहू की महीनों से प्रताड़ना झेल रहे थे। कमिश्नर तक मामला पहुंचा तब जाकर कार्रवाई हो सकी। इसे देखते हुए कमिश्नर ने सभी थानेदारों को हिदायत दी है कि सीनियर सिटीजन की सभी समस्याओं को थानेदार प्राथमिकता पर समाधान करें। अगर बुजुर्ग फरियादी थाने के चक्कर काटते या सुनवाई नहीं होने की शिकायत मिली तो थानेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# निःशुल्क शिविर में 109 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश, बलरामपुर। विनया त्रिपाठी मेमोरियल आयुर्वेद योग संस्थान एवं इनरव्हील क्लब बलरामपुर के तत्वाधान में आयोजित शिविर में 109 बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ



सिंह एवं डॉ प्रांजल त्रिपाठी द्वारा बच्चों का चेकअप किया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ सिंह ने बच्चों के साथ आए अभिभावकों को बच्चों के तीसरी लहर को देखते हुए बच्चों में कोरोना से बचने के उपाय बताएं। और उचित खानपान, साफ–सफाई एवं मास्क लगाने की सलाह दी। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ प्रांजल त्रिपाठी ने बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं योग आसन के उपाय बताकर बच्चों को स्वस्थ रहने की सलाह दी। शिविर में आए हुए सभी बच्चों को मास्क तथा टाफी चॉकलेट भी वितरित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब से डॉ वाई पी गुप्ता, अमरजीत सिंह, रोटरी अध्यक्ष प्रदीप, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष खुशबू गुलाटी, छाया गुप्ता, डॉ निधि त्रिपाठी, संगीता मिश्र, आशा मिश्रा, अजय मिश्र, अनिल तिवारी, नीलम, संजय, शहजाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# बभनी में पत्नी को फावड़े से उतारा मौत के घाट,पति गंभीर

## फावड़े से कान के पास सिर पर किया गया प्रहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बभनी क्षेत्र के बभनी सड़क टोला गांव में रविवार की रात अज्ञात हमलावर ने फावड़ा से पत्नी की हत्या कर दी। वहीं पति को फावड़े से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया तथा गंभीर रूप से घायल पति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बभनी सड़क टोला निवासी शिवकुमार अपने पत्नी हीरमन देवी के साथ बाहर कमरे में सो रहा था। बच्चे अन्दर कमरे में सो रहे थे। बड़ी बेटी चंद्रावती के मुताबिक हमलावर पहले कमरे में सो रहे बच्चों के दरवाजे का बाहर से कुंडी लगाकर घटना को अंजाम दिया है। दरवाजे के कुंडी को बंद करने के बाद चारपाई पर सो रही मां के सिर पर प्रहार किया तथा पिता के सिर पर भी प्रहार किया गया। फावड़े के प्रहार से हीरमन 45 पत्नी शिवकुमार की मौत हो गई। जबकि पति शिवकुमार 50 पुत्र मोहर लाल की हालत गंभीर बनी हुई है। लड़की चंद्रावती ने बताया कि भोर में करीब तीन बजे पिता कि घिरघिराने की आवाज सुनकर उठी तो बाहर से दरवाजा बंद था। दरवाजा बंद होने की वजह से शोर मचाने लगी ।शोर गुल सुनकर शिवकुमार का छोटा भाई देवकुमार ने दरवाजा खोला ।जब लोगों ने चारपाई पर पड़े हीरमन के शव को देखकर सन्न हो गये। बच्चे रोना चिखना शुरू कर दिये।चिख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। घटना की सूचना तत्काल बभनी पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह,एस एस आई देवेंद्र प्रताप सिंह,एस आई राजेश कुमार सिंह मयफोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये।घायल अवस्था में पड़े शिवकुमार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी दुद्धी राम आशीष यादव भी घटनास्थल पर पहुंच गये। हत्या क्यों किया इसका खुलासा नहीं हो सका। पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है।

# कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने के लिए अस्पताल पूरी तरह से तैयार

दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। कानपुर के हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग की डॉ. नेहा अग्रवाल की एक और चिट्ठी सामने आई है। इससे अस्पताल में व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। विभाग के एचओडी को लिखी चिट्ठी में उन्होंने बताया है कि यहां पाँच वेंटिलेटर हैं और



इसमें केवल एक ही काम कर है। उसका भी नॉब खराब है। मतलब सही तरीके से कोई भी वेंटिलेटर काम नहीं कर रहा है। उनका लेटर ऐसे समय में सामने आया है, जब कोरोना की तीसरी लहर का खतरा नजदीक है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक लगातार लोगों को आगाह कर रही हैं कि तीसरी लहर में बच्चों को सबसे ज्यादा खतरा हो सकता है। ऐसे समय में डॉ. नेहा की ये चिट्ठी प्रशासन के उन दावों की पोल भी खोल रही है जिसमें कहा गया है कि कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने के लिए अस्पताल पूरी तरह से तैयार हैं। डॉ. नेहा अग्रवाल ने ये चिट्ठी पाँच जुलाई को ही मेडिकल कॉलेज के बालरोग विभाग के एचओडी को लिखा था। इसमें उन्होंने बताया था कि दो सप्ताह पहले पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआइसीयू) में दो एग्वा वेंटिलेटर इंस्टाल किए गए थे। जिसमें दोनों ही वेंटिलेटर काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया था कि एक वेंटिलेटर चार्ज नहीं हो रहा है और एक चलते–चलते रूक गया। यह दोनों ही वेंटिलेटर च्ड केयर फंड से दिए गए हैं। डॉ. नेहा ने बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष को वेंटिलेटर के खराब होने के बारे में बताया था। साथ ही उन्होंने ये भी बताया था कि पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (च्ब्) में पाँच वेंटिलेटर में एक ही काम कर रहा है और उसकी भी सेटिंग गड़बड़ है। काम कर रहे वेंटिलेटर की नॉब खराब है, जिससे उसके फंक्शन प्रॉपर नहीं हो पा रहे हैं। डॉ. नेहा अग्रवाल हैलट के बाल रोग विभाग में पीआईसीयू की इंचार्ज है। पीएम केयर फंड से मिले वेंटिलेटर से हुई बच्ची की मौत का मामला उन्होंने उजागर किया था। इसके बाद उनको निलंबित कर दिया गया था। हालांकि बाद में प्राचार्य संजय काला ने डॉ. नेहा के बचाव में शासन को पत्र भेज कर पुनर्विचार का अनुरोध किया था और एक जांच कमेटी गठित की थी। यह कमेटी डॉ. नेहा को क्लीन चिट दे चुकी है। मेडिकल साइंस में विशेष शोध कार्यों के लिए उन्हें अब तक 29 मेडल मिल चुके हैं। डॉ. नेहा अग्रवाल राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं।

# 78% अंक प्राप्त कर उमा सिंह बारहवीं कक्षा में प्रथम’

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुरध्सोनभद्र। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा शनिवार को घोषित इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल के नतीजों में डॉ. अम्बेडकर इंटर कॉलेज राजमिलान जरहां सोनभद्र में कक्षा 12वीं पंजीकृत 291 व 10वीं में पंजीकृत 346 छात्रध्छात्राओं में सभी उत्तीर्ण रहे ।जिसमें इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर उमा सिंह 78:,द्वितीय स्थान पर ममता कुमारी 76.8: तथा तृतीय स्थान पर आशा कुमारी ने 76: अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल में रूबिया कुमारी 83.5:प्रथम, रेखा कुमारी 80.5:द्वितीय, काजल 80: अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। कोरोना काल मे बोर्ड परीक्षा न हो पाने के कारण पिछले कक्षाओं के अंक व प्रीबोर्ड के अंक के आधार पर सभी बच्चों ने बोर्ड द्वारा जारी नतीजो में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय



का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृपाशंकर सिंह ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं उच्चतर माध्यमिक शिक्षण संस्थान देवनाटोला की प्रधानाचार्य श्रीमती चिंता देवी ने बताया के उनके विद्यालय में कक्षा दसवीं में पंजीकृत सभी 603 बच्चे उत्तीर्ण हुए जिसमें लगभग 70: बच्चों ने प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया उन्होंने सभी उत्तीर्ण बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त दोनों विद्यालयों के प्रबंधक पुत्र सत्यम प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे दोनों विद्यालयों के उत्तीर्ण मेधावी छात्रध्छात्राओं को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए विद्यालय द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद



दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। महाराजपुर के कुलगांव में पुलिस ने हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पिकअप में 102 पेटी शराब चोरी छिपे कानपुर से झारखंड ले जाई जा रही थी। कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में महाराजपुर पुलिस के साथ एसटीएफ लखनऊ व आबकारी विभाग की टीम भी संयुक्त रूप से शामिल थी। एसटीएफ लखनऊ को सूचना मिली कि हरियाणा से कानपुर होते हुए अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप झारखंड ले जाई जा रही थी। सूचना पर आबकारी विभाग व महाराजपुर पुलिस सक्रिय हो गई। सोमवार दोपहर केआइटी कुलगांव के पास संदिग्ध पिकअप आती दिखाई दी। तभी पुलिस ने बैरियर लगाकर गाड़ी रुकवाई तो उसमें बैठे लोग कूदकर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर दो लोगों को पकड़ लिया। तलाशी पर पीछे एयर रिसीवर टैंक के अंदर छिपाकर रखी गई 102 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद की, जो कि हरियाणा निर्मित थी। पुलिस ने नई बस्ती कोतवाली एटा निवासी फिरोज व हरियाणा के भिवानी में तोशान थाना अंतर्गत खनक गांव के रहने वाले सत्यवान को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि उनको शराब की खेप झारखंड पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। वो हरियाणा से शराब लेकर आ रहे हैं। थाना प्रभारी महाराजपुर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों शराब तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पकड़ी गई शराब की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

# हिन्दी के अनन्य सेवक थे राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन

## हिन्दी सभा ने राजर्षि की जयंती पर किया हिंदी सेवियों का सम्मान

सीतापुर। हिन्दी को भारत की राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करवाने में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन का महत्त्वपूर्ण योगदान था। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता होने के साथ–साथ पुरुषोत्तम दास हिन्दी के अनन्य सेवक, कर्मठ पत्रकार, तेजस्वी वक्ता और समाज सुधारक भी थे। हिन्दी को भारत की राजभाषा का स्थान दिलवाने के लिये उन्होंने महत्त्वपूर्ण योगदान किया। उन्हें भारत के राजनैतिक और सामाजिक जीवन में नयी चेतना, नयी लहर, नयी क्रान्ति पैदा करने वाला कर्मयोगी कहा गया। राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की 140वीं जयंती पर हिन्दी सभा के नरोत्तम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार झंकार नाथ शुक्ल ने उक्त उदगार विषय प्रवर्तन करते हुए व्यक्त किये। टोडरमल समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी संजय पुरी ने हुए कहा कि राजर्षि हिन्दी को देश की आजादी के पहले आजादी प्राप्त करने का साधन मानते रहे और आजादी मिलने के बाद आजादी को बनाये रखने का। टण्डन का राजनीति में प्रवेश हिन्दी प्रेम के कारण ही हुआ। 17 फरवरी 1951 को मुजफ्फर नगर श्सुहृद संघृ के 17 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर उन्होंने अपने भाषण में इस बात को स्वीकार भी किया था। कवि राजबहादुर वर्मा ने कहा कि हिन्दी भाषा के उत्थान के लिये राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन का योगदान सदैव याद रखा जायेगा। हिन्दी सेवी उदय प्रताप त्रिवेदी ने कहा कि पुरुषोत्तमदास टण्डन के बहु आयामी और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को देख कर उन्हें श्राजर्षिृ की उपाधि से विभूषित किया गया। 15 अप्रैल सन 1948 की संध्यावेला में सरयू तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संत देवरहा बाबा ने उन्हें श्राजर्षिृ की उपाधि से अलंकृत किया था। भानु चतुर्वेदी ने कहा कि भारत सरकार ने उन्हें देश का सर्वोत्तम सम्मान श्भारत रत्न्य से विभूषित किया था। हिन्दी सभा संरक्षक रमारमन त्रिवेदी ने अपने तारस्थ संदेश में हिन्दी भाषा और साहित्य के प्रति राजर्षि टण्डन के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि शिहन्दी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन का योगदान अतुलनीय है, पर सबसे बड़ा योगदान अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन का संगठन करना रहा, इसके द्वारा उन्होंने हिन्दी साहित्य की परीक्षाओं का जो संचालन किया, उससे साधारण जनता में हिन्दी साहित्य के प्रति अभिरुचि, साहित्य की जानकारी और लोक साहित्य में जागृति की भूमिका बनी। सम्मेलन की परीक्षाओं का जाल सम्पूर्ण भारत में बिछ गया। सन 1910–1950 के मध्य राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के प्रचार–प्रसार का श्रेय टण्डन को है, इसीलिये लोग उन्हें राष्ट्रभाषा हिन्दी का प्राण कहा करते थे।य प्रख्यात चिंतक शोभित टंडन ने इस अवसर पर बोलते हुए बताया कि पुरुषोत्तम दास टंडन का हिन्दी को भारत की राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण योगदान था। राजनीत में गहरी पैठ होने के बाद भी उन्होंने कभी अपने नैतिक मूल्यों से समझौता नही किया। खत्री परिवार में जन्म लेकर उन्होंने उच्च आदर्शों को प्रतिस्थापित किया। पुरुषोत्तम दास टण्डन पत्रकार भी थे। कांग्रेस के 1950 में अध्यक्ष भी बने। गीतकार कार्तिकेय शुक्ल ने कहा कि पुरुषोत्तमदास को राजर्षि की उपाधि उनकी विरक्त मानसिकता के कारण मिली थी। एक ऐसा महान व्यक्ति एक ऐसा प्रशासक जो ऋषि के समान सत्कार्य में लगा हो, उन्हें राजर्षि इसलिये कहा जाता था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिन्दी सभा अध्यक्ष आशीष मिश्र ने बताया कि राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन की प्रेरणा से आचार्य कृष्ण बिहारी मिश्र, डॉ नवल बिहारी मिश्र व विशम्भर नाथ मेहरोत्रा ने हिंदी सभा की स्थापना की थी। हिन्दी राजर्षि हिंदी सभा के अधिवेशन की अध्यक्षता करने सीतापुर आये थे। इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया था, जिसमें उस समय मौजूद तमाम स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार व हिन्दी सेवी लोग मौजूद थे। हिन्दी सभा के संरक्षक सदस्य प्रदीप कुमार मेहरोत्रा ने अपने तारस्थ संदेश में कहा कि आगामी अधिवेशन में राजर्षि के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रदर्शनी लगाई जायेगी। लेखिका ज्ञानवती दीक्षित ने कहा कि विधायी कार्यो में हिंदी का प्रचलन राजर्षि ने ही उत्तर प्रदेश विधानसभा में आरम्भ कराया। उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी सेवी रमाशंकर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में उमाशंकर शुक्ल, राजकिशोर बाजपेई, राजबहादुर वर्मा, अभिषेक शुक्ला, अर्चना शुक्ला, मंजू शुक्ला, कार्तिकेय शुक्ला, संजय पूरी, तुषार मिश्र, भानु चतुर्वेदी, कमलेश पांडेय, उदय प्रताप त्रिवेदी, झंकार नाथ शुक्ल, भगवती गुप्ता, शिव सागर लाल द्विवेदी, अवनीश त्रिवेदी, अजय सिंह, वेदानंद वर्मा, जीएल गांधी आदि हिन्दी सेवी मौजूद रहे। इस अवसर पर हिन्दी सेवियों झंकार नाथ शुक्ला, जीएल गांधी, राजकिशोर बाजपेई, अर्चना शुक्ला, मंजू शुक्ला, तुषार मिश्रा का सम्मान भी किया गया।

## सांसद राजेश वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित

साण्डा (सीतापुर)। सकरन ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित भव्य समारोह में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अंग वस्त्र व पुष्प माला पहनाकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद पंचायत जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है कोरोना महामारी से देशवासियों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन का अभियान चलाया जा रहा है और किसानों को खेती बाड़ी की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए सीधे किसानों के बैंक खाते में डाले जा रहे हैं और इसको रोना महामारी को ध्यान में रखते हुए कोई गरीब परिवार भूखा न सोए और भूख से किसी की मृत्यु न हो इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने हर गरीब परिवार को मुफ्त अनाज उपलब्ध करवा रही है और सभी गरीब परिवारों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का सपना भी पूरा हो रहा है। समाज के सभी वर्गों के हित में तमाम योजनाओं का लाभ सब तक पहुंचाया जा रहा है गांव के विकास के लिए पर्याप्त धन मुहैया कराया जा रहा है। इस अवसर पर विकासखंड सकरन की ब्लाक प्रमुख मिथिलेश कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि कृष्णा कुमार वर्मा, प्रधान संघ के अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मोलहेराम, मनु जैन, डॉक्टर स्माइल, रामचंद्र जायसवाल, मुन्ना रस्तोगी, चंद्र कुमार तोमर, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बीडीसी, प्रधान व जिला पंचायत सदस्यों को किया गया सम्मानित

तम्बौर (सीतापुर)। ब्लॉक बेहटा में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि लहरपुर विधायक सुनील वर्मा मौजूद रहे। बेहटा ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान जिला पंचयय सदस्यों का सम्मान स्वागत समारोह का किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुनील वर्मा मुख्य अतिथि रहे। क्षेत्रीय विधायक सुनील वर्मा ने बताया कि ग्राम स्तर से विकास की नींव शुरू होती है। गांव का प्रतिनिधि ही सरकार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। प्रदेश सरकार की चल रही दर्जनों योजनाओं को गांव स्तर पर लागू कर लाभ दिया जा रहा है। सरकार अब गांव स्तर पर ही सारी सुविधा देने का काम करने जा रही है। सरकार की सभी योजना पूर्ण से बिना भेदभाव के दी जा रही है। कार्यक्रम में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। विकास खण्ड अधिकारी अखिलेश चौबे ने कहा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को ग्राम स्तर पर देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य रामजीवन जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन एडीओ पंचायत ने किया। इस मौके पर नीरज वर्मा झल्लर, गुड्डू वर्मा, पवन गिरी, उमा शंकर समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## स्विफ्ट डिजायर कार समेत सात आरोपित गिरफ्तार

### कार में नाजायज असलहे व कई कारतूस बरामद

महोली (सीतापुर)। सात कार सवार तथा एक गांव के निवासी समेत आठ आरोपितों पर देर रात मस्जिद बाजार में एक व्यक्ति ने प्लाट पर धावा बोलकर फायर कर अवैध कब्जा किये जाने का आरोप लगाया है। जबरन प्लाट कब्जियाने की नीयत से आरोपितों ने जमीन वाले को मारपीट की धमकी दी। जमीन के मालिक ने सभी आठ नामजद के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र की बड़ागांव चौकी के गांव मस्जिद बाजार में गांव के निवासी अब्दुल तव्वाब अंसारी के प्लाट को कब्जा करने की नीयत से कुछ कार सवार दबंगों ने स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध असलहों से लैस होकर फायर कर जान से मारने की धमकी दी और जमीन हथियाने का प्रयास किया। घटना के दौरान अब्दुल तव्वाब अंसारी ने स्थानीय पुलिस को मौका ए वारदात की सूचना दे दी।

जिससे आनन.फानन में पहुंचे पुलिस उ0 नि0 उमेश चौरसिया, उदयवीर सिंह व ह0कां0 देवेंद्र राम, आलोक कुमार, विकास यादव, राहुल कुमार, सत्यभान सिंह, किशन रावत, परवेज अहमद, अजय यादव की टीम ने घेर कर अवैध शस्त्र लैस सात अभियुक्त वसीम, दिलशाद, जावेद, इलियास, आरिफ, नसीम, इकरार को स्विफ्ट डिजायर कार सहित मौके से धर दबोचा। अवैध रूप से कब्जा करने के मामले में सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार नंबर यूपी34–3122 सहित सात आरोपियों को मय असलहे के मौके से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि एक मस्जिद बाजार निवासी नामित अभियुक्त अब्दुल लतीफ फरार हो गया। पुलिस टीम के द्वारा सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर थाने पर लाया गया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने बताया कि वाहन को सीज कर अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही दी गई है।

## भाजपा सरकार के पास हिंदू मुस्लिम के अलावा और कोई मुद्दा नहीं बचा : ओम प्रकाश राजभर

सीतापुर। जनपद के मिश्रिख स्थित देवा मैरिज लांन में अहिल्याबाई सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर निसाना साधते हुए कहा कि भाजपा के नेता मंहगाई जब कांग्रेस के जमाने में 60 रूपये पेट्रोल था जब 20 पैसा पेट्रोल के दाम बढ़ते थे तो यही लोग कपड़ा उतार कर धरना देते थे। स्मृति इरानी गैस सेलेंडर लेकर घूमती थी और चूड़ी प्रधानमंत्री को भेजती थी। चूड़ी भेजने वाली मंत्री वास्तव में यदि तुम मर्द हो तो अपने प्रधानमंत्री मोदी को मंहगाई के नाम पर चूड़ी पहना दो तो मैं मानूगा। इस समय भाजपा सरकार के पास हिंदू मुस्लिम के अलावा और कोई मुद्दा नहीं बचा है। दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी नंबर 1 के झूठे हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नंबर 2 के झूठे हैं। सरकार बनने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा था हर खाते में 1500000 रुपए आएंगे और दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष दी जाएगी। महंगाई घटाई जाएगी लेकिन इसके सब कुछ उल्टा हुआ महंगाई इस समय अपने चरम सीमा पर है और वैश्विक महामारी के समय में गरीब आदमी गैस सिलेंडर खरीदने में असमर्थ हैण् बीजेपी के लोग झूठ बोलने वाले लोग है। भाजपा के लोग मोदी को यशस्वी प्रधानमंत्री कहते है। यह किस बात के यशस्वी है। यह भारतीय जनता पार्टी के जितने दलाल है 420 है फ्राड हैं। इन्हीं लोगों के लिए यशस्वी हो सकते हैं। यह लोग गरीबों के लिए जहर साबित हो रहे हैं। मंहगाई के चलते देश में भ्रष्टाचार व्याप्त हो गया है। इस दौरान सुभासपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह अर्कवंशी, प्रदेश महासचिव योगेंद्र सिंह अर्कवंशी, राममूर्ति अर्कवंशी, धर्मेंद्र धनगर, शिव कुमार धनगर आदि लोग मौजूद रहे।

## सेक्रेड हार्ट डिग्री कालेज के छात्र/छात्राएँ टॉप मल्टीनेशनल कम्पनियों में हुए चयनित

सीतापुर। सेक्रेड हार्ट डिग्री कालेज के बीसीए संकाय के बैच 2018–21 के तृतीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रा सीमा तिवारी, खुशी श्रीवास्तव, अक्षिता गुप्ता, आहाना मिश्रा, शशांक यादव का चयन टाटा कन्सल्टेन्सी सर्विसेज (टीसीएस) एवं अश्वनी प्रकाश मौर्य का इंफोसिस तथा आशीष पाण्डेय का विप्रो में चयन हुआ है। इसके साथ ही गत वर्ष के बैच 2017–20 की प्रियांशी का टीसीएस में, अंशिका राठौर, सऊद अफ सान और मो0 शादाब का कॉग्निजेंट में तथा अनीकेत सिंह का टेक चेलेन्ज, यश चौहान का डेलॉइट एवं हर्ष दीप सिंह का इंफोसिस में चयन हुआ है। कालेज के प्राचार्य डॉ0 डेनी मैथ्यू ने सभी को बधाई देते हुए निष्ठा के साथ कार्य कर आगे बढने हेतु प्रेरित कर सम्मानित किया तथा बीसीए संकाय को बधाई दी। एकाडमिक कोआडिनेटर डॉ0 जॉनी अण्टोनी ने छात्रों को निरन्तर गतिमान रहने हेतु शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर बीसीए संकाय के विभागाध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव, असि0 प्रोफेसर पंकज श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भजन संख्या का आयोजन

सीतापुर।शहर के सेलीबेशन इन गेस्ट् हाउस में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में भजन संध्या का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतायन संस्था के डायरेक्टर विपिन चन्द्र वर्मा व पीयूष श्रीवास्तव, शिरीष श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव तथा रमन श्रीवास्तव के द्वारा भजनों का प्रस्तुतीकरण के साथ संपन्न किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त डा प्रमोद धवन व डा हिमांशू शुक्ला को भारत विकास परिषद् के द्वारा कोरोना वारियर के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष उमेश प्रसाद तिवारी द्वारा की गयी व सभा का संचालन संस्था के सचिव वीरेन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रान्तीय वित्तन सचिव हरीश शाह, वाईएस बाजवा, श्रीबलराम चड्ढा, नन्द लाल भूटानी, ज्योति आसरे, सलूजा राहुल, संदीप भरतिया, यंतवंत बाजवा, दीपक मेहरोत्रा, नीरज जैन, पवन बंसल, आरके सरीन, संदीप श्रीवास्तव, नटवर तिवारी, सौरभ अग्रवाल, उमेश गुप्ता तथा अन्य लगभग सभी सदस्य उपस्थित रहे। अंत में मधुकर सरीन प्रोजेक्ट चेयरमैन ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आधार कार्ड बनवाने व संशोधन में हो रही अवैध धन उगाही

सेउता (सीतापुर)।(आधार कार्ड बनवाने व संसोधन पर हो रही धन उगाही का मामला प्रकाश में आया। कस्बा रेउसा में बीआरसी कार्यालय में आधार कार्ड नया बनवाने या संसोधन में धन उगाही का है।

लोगों ने बताया है कि नया आधार कार्ड बनवाने पर सुविधा शुल्क के नाम पर 200 रुपये लिए जा रहे हैं तथा आधार कार्ड संसोधन पर 100 रुपये लिए जा रहे हैं। ग्रामीण मितराम, नीरज, रोमन, मोहन पुत्र मैकू लोधी ने अपने चार बच्चों के आधार कार्ड नया बनवाया तो 800 रुपये लिए गये। वहीं पर रीनू, प्रमोद, शांति, नैंसी पुत्र मूलचन्द्र ने अपने चार बच्चों के आधार कार्ड नया बनवाने पर उनसे भी 800 रुपये लिए गये। केशन पुत्र शिवनरायन ने बताया कि मुझसे आधार कार्ड बनवाया तो 200 रुपये लिए गए हैं। वहीं पर सुरेंद्र, लक्ष्मी देवी, रिंकी, पिंकी, पुत्र कमलेश ने बताया कि मेरे 5 बच्चों के नए आधार कार्ड बनवाने पर मुझसे 1000 रुपये लिए गए। आकांक्षा अवस्थी ने बताया कि मेरा आधार संसोधन करवाने गई थी तो वहाँ पर मौजूद ललित मोहन यादव के द्वारा 100 रुपये संसोधन के नाम पर लिए गये। वहीं पर मौजूद सुशील कुमार ने यही बात बताई। वह पर इसी प्रकार बहुत से लोगों ने बताया कि ललित मोहन यादव के द्वारा पहले पैसे ले लिए जाते हैं। उसके बाद आधार कार्ड बनाये जाते हैं जो लोग पैसे नहीं देते हैं उनको वहां से वापस लौटा दिया जाता है। जिम्मेदारों की नाक के नीचे हो रहा अवैध धन उगाही जिम्मेदार मौन हर व्यक्ति को आधार सम्बंधित किसी न किसी प्रकार का कार्य पड़ ही जाता हैं और लोगों की मजबूरी का फायदा आधार कार्ड सेंटर वाले जैसी जरूरत वैसा पैसा ले रहे हैं जोकि अनुचित व अवैध है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

## हमें बेटों के साथ साथ बेटियों को भी बराबर की शिक्षा दिलानी चाहिए : कुंवर दिनकर प्रताप सिंह

### महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत एक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लहरपुर देहात (सीतापुर)। महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन मदरसा मदीना मोहल्ला कटरा नई आबादी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजा कसमंडा कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने महिलाओं एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया आज समय है कि हमें बेटों के साथ साथ बेटियों को भी बराबर की शिक्षा दिलानी चाहिए। क्योंकि समाज निश्चित रूप से तभी प्रगति कर सकता है। जब महिलाएं और पुरुष समान दर्जे की उच्च शिक्षा ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि देखिए मैंने अपनी पत्नी को बीएड कराया एमएड कराने के साथ.साथ आज वह एक कुशल ग्रहणी है। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने किया अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि हमें महिलाओं के साथ. साथ अपने बेटों और भाइयों को भी समझाना होगा और सही और गलत का फर्क बताना होगा। कार्यक्रम में कोतवाली से आई महिला आरक्षी दीपा सैनी ने बताया वर्तमान समय में सरकार ने बालिका सुरक्षा एवं महिलाओं के लिए अनेकों हेल्प डेस्कलाइन का गठन किया है। हर कोतवाली व तहसील में महिलाओं की आसानी के लिए एक शिकायत केंद्र की स्थापना की गई है। जिससे महिलाएं वहां पर अपनी समस्याओं को दर्ज करा सकती हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी हाजी जावेद अहमद, सलाउद्दीन गौरी, सभासद राजू किसान यूनियन के अध्यक्ष मतीन खान, नेहाल अहमद, कुरेशी समीर, राईनी, जेड आर रहमानी एडवोकेट, अफसाना खातून, शादाब खान, तबस्सुम अंसारी, तबस्सुम, वकील अंसारी, सभासद अब्दुल, मतीन अढ़ाना जलीस अहमद, छावनी मोहम्मद, आरिफ शरीफ अहम, काजल सिंह, प्रियांशी समेत नगर पालिका परिषद लहरपुर के गणमान्य सभासद क्षेत्र पंचायत सदस्य बीडीसी तथा सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## काजल किन्नर व मंदिर के समर्थकों के बीच हुई मारपीट

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली कस्बा के हाइवे स्थित काली माता मन्दिर पर काजल किन्नर व बाबा द्वारा मन्दिर की देखरेख कर रहे व्यक्ति में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि काजल द्वारा मन्दिर पर जबरन कब्जे का प्रयास किया गया। वहीं काजल का कहना है कि मन्दिर की देखरेख का जिम्मा उन्हें मिलना चाहिए। कस्बे के काली मंदिर पर उस समय हंगामा हो गये। जब काजल किन्नर व उनके समर्थकों व मन्दिर की। देखरेख कर रहे व्यक्ति में हाथापाई की खबर से लोग मन्दिर की तरफ भागे मामले की जानकारी की। मन्दिर के देखरेख करने वाले व्यक्ति धनराज पुत्र बाबादीन निवासी मोहल्ला बाजार का आरोप था कि काजल अपने समर्थकों के साथ आयी और मन्दिर में साफ सफाई करवाने का प्रयास करने लगी। पूछने पर बताया गया कि आज से मन्दिर की देखरेख वह करेंगी। जिस पर दोनों में कहासुनी हुई और हाथापाई की बात कही जा रही है। सूचना पर कस्बेवासी व पुलिस पहुंची और दोनों को कोतवाली लेकर आई। काजल का कहना था कि अब वह सन्त सन्यासी हो चुकी ही और मन्दिर की देखरेख करने वाला नट विरादरी का है। वहीं व्यक्ति का कहना है कि मन्दिर की ट्रस्ट द्वारा उसे मन्दिर की देखरेख की जिम्मेदारी दी गयी है। बीते 5 वर्षो से वह जिसे बखूबी सम्भाल रहा है। एसएसआई बीरेंद्र ने जब तक मन्दिर के ट्रस्टी नहीं पहुंचते है तब तक यथा स्थिति बनाये रखने को कहा लेकिन काजल नट बिरादरी के व्यक्ति को मन्दिर में रहने का विरोध किया।

# दिव्या दत्ता ने पूरी की फिल्म धाकड़ की शूटिंग




कंगना रनौत, अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता की अपकमिंग फिल्म धाकड़ की शूटिंग बुडापेस्ट में की जा रहीं हैं। कुछ दिन पहले ही अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर जानकारी दी थी कि उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। और अब इस फिल्म की टीम के एक और सदस्य ने शूटिंग पूरी कर ली है।

जी हां!! दरअसल एक्ट्रेस दिव्या दत्ता ने भी अपने हिस्से की शूटिंग पूरी की, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया पर दी। दिव्या ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दो तस्वीरें शेयर की, जिसमे से पहली फोटो में वह अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी होकर पोज दे रहीं हैं, वहीं दूसरी फोटो में वो फिल्म की टीम के साथ नजर आ रहीं हैं।

इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने अपने किरदार के नाम का भी खुलासा किया। दिव्या ने लिखा, शूटिंग को रिज्यूम करना और अपना फेवरेट किरदार निभाना बहुत ही खूबसूरत एहसास है। रोहिणी का किरदार निभाने की जर्नी बहुत ही शानदार रहीं। और अब मेरे हिस्से की शूटिंग पूरी हो गई है। इसे यादगारों बनाने के लिए मेरी टीम को एक बड़ा वाला हग। कुछ खूबसूरत यादें अपने साथ ले जा रहीं हूँ।चीयर्स।

दिव्या इस फिल्म में रोहिणी का किरदार निभाने वाली है, वहीं कंगना एजेंट अग्नि का किरदार निभाने वाली है। इस फिल्म में कंगना का जबरजस्त एक्शन देखने को मिलने वाला है। जानकारी के लिए बता दें कि अर्जुन रामपाल ने भी कुछ दिन पहले पोस्ट शेयर कर अपने हिस्से की शूटिंग खत्म करने की जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा था, धाकड़ का मेरा शूट खत्म हुआ, एकदम से खाली सा महसूस हो रहा है, ऐसा तब महसूस होता है जब आप कुछ ऐसा काम पूरा करते हैं, जो आपके दिल के बेहद करीब होता है। टीम, क्रू, यादें... सब कुछ बहुत खास है। माफी, क्योंकि कंगना के साथ सेट की तस्वीर को क्रॉप करना पड़ा, क्योंकि दोनों का लुक अभी रिवील नहीं कर सकते। आगे उन्होंने लिखा था, कंगना तुम्हारे साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। अग्नि स्क्रीन पर आग लगाने वाली है। रजनीश घई आपका एक बार फिर से शुक्रिया। अर्जुन ने अपने कैप्शन में टीम के अन्य सदस्यों का भी जिक्र किया और लिखा, दोबारा मिलने तक बाकी शूट अच्छे से करिएगा। लव, लक और फिर से धन्यवाद। फिल्म धाकड़ एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है जिसे रजनीश घई डायरेक्ट कर रहे है। कंगना के साथ फिल्म में अर्जुन रामपाल, दिव्या दत्ता और शारिब हाशमी नजर आएंगे। फिल्म में चाइल्ड ट्रैफिकिंग और औरतों के खिलाफ क्राइम जैसे इशू को दिखाया जाएगा।

## तानाजी के बाद मराठी सिनेमा में धमाकेदार डेब्यू करने जा रही हैं इलाक्षी गुप्ता

बॉलीवुड में अपना नाम बनाना कोई आम बात नहीं हैं. इंडस्ट्री



में अपनी जगह बनाने के लिए आपको लगातार काम करना पड़ता है. ऐसी ही एक एक्ट्रेस हैं इलाक्षी गुप्ता. इलाक्षी हमें अजय देवगन की फिल्म तानाजीरू द अनसंग वॉरियर में नजर आई थीं. इस फिल्म को बॉलीवुड बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी सफलता हासिल हुई थी. जिस वजह से एक्ट्रेस खूब चर्चा में आ गई थीं. ऐसे में अब खबर है कि इलाक्षी अब बॉलीवुड में बाद मराठी सिनेमा में डेब्यू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. इलाक्षी ने तानाजीरू द अनसंग वॉरियर से ही बॉलीवुड में डेब्यू किया था. जिसके बाद अब वो मराठी फिल्म में नजर आने वाली हैं. तानाजीरू द अनसंग वॉरियर में एक्ट्रेस हमें शिवजी राजे सोइरा बाई की भूमिका निभाते हुए नजर आईं थीं. आपको बता दें, एक्ट्रेस की अगली फिल्म का नाम श्भ्रमच् है. जहां इस फिल्म का निर्देशन वैभव लोंधे करने जा रहे हैं. वहीं एक्ट्रेस हमें इस फिल्म में हमें कई प्रसिद्ध मराठी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगी. फिल्म के नाम से ही पता लगता है कि ये फिल्म सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होगी. देखना मजेदार होगा कि एक्ट्रेस इस फिल्म में अपनी भूमिका को किस तरज से निभाती हैं, और ये फिल्म दर्शकों को कितनी पसंद आती है. वर्कफ्रंट की बात करें तो इलाक्षी गुप्ता इन दिनों कई नई फिल्मों की तलाश में भी हैं. जहां एक्ट्रेस हमें बहुत जल्द अपनी फिल्म लव यू शंकर में भी दिखाई देंगी. एक्ट्रेस के पास कई और भी मराठी फिल्में हैं जिनके लिए उन्हें चुना गया है. आपको बता दें, एक्ट्रेस इन दिनों सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं. जहां से वो लगातार अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं. सोशल मीडिया की मदद से एक्ट्रेस अपने काम को कई लोगों तक पहुंचा रही हैं. देखना होगा आने वाले समय में एक्ट्रेस हमें और कौन सी फिल्मों में नजर आती हैं.






## घर पर होम मेड बॉडी वॉश बनाने के लिए अपनाएं ये तरीका

हमारी त्वचा बेहद नाजुक होती है. इसलिए कोई भी मौसम हों हम त्वचा का खास ख्याल रखते हैं. गर्मी, धूप और प्रदूषण की वजह से कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. खासतौर पर मानसून के मौसम में नमी की वजह से त्वचा चिपचिपी और अधिक ऑयली नजर आती है. ऐसे में त्वचा को किसी तरह के केमिकल प्रोडक्ट्स की जगह घरेलू उपायों को अपनाते हैं. इसका साइड इफेक्ट भी नहीं होता है.

कई लोग साबुन की जगह बॉडी वॉश का इस्तेमाल करते हैं. ये आपकी त्वचा के पीएच को बनाएं रखने का काम करता है. अगर आप भी त्वचा को साफ रखने के लिए बॉडी वॉश का इस्तेमाल करती हैं तो हम आपको कुछ घरेलू उपाय बता रहे हैं जिसका इस्तेमाल कर घर पर हर्बल बॉडी वॉश बना सकती हैं.

सामग्रीः कैस्टाइल साबुन –1 शहद–1 कप एलो जूस–1 कप

जैतून का तेल– 1कप एंसेंशियल ऑयल–2 बड़े चम्मच

बनाने की विधि

सबसे पहले ऊपर दी गई सभी चीजों को एक बोतल में मिला लें.

इसके बाद लिक्विड कैस्टाइल सोप मिला लें.

उसके बाद इस मिश्रण में कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की मिलाएं और बोतल को अच्छे से हिलाएं.

बोतल में सभी चीजों को अच्छे से मिलाने के बाद ठंडी जगह पर रख दें.

आप इस बॉडी वॉश को एक साल तक इस्तेमाल कर सकते हैं.

हर्बल बॉडी वॉश के फायदे

इस बॉडी वॉश में जैतून और एलोवेरा का तेल है. ये दोनों चीजें त्वचा के रूखेपन को दूर कर नमी बनाएं रखने में मदद करती है.

इसमें मौजूद एसेंशियल ऑयल त्वचा के लिए फायदेमंद होता है. ये हर्बल बॉडी वॉश आपको गर्मी में फ्रेश और ठंडक देगा.

अगर आपकी त्वचा सेंसटिव है या फिर आप प्रेगनेंट हैं तो ये हर्बल वॉश आप बिना किसी डर के इस्तेमाल कर सकती है.

इस प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें.

## मेर अंदर एक्टिंग का जुनून मरा नहीं हैः फरहीन



फरहीन नब्बे के दशक की बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रही हैं। पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से शादी करने के बाद उन्होंने फिल्मों से ब्रेक ले लिया था। वह फिलहाल अपने पारिवारिक जीवन का लुत्फ उठा रही हैं। अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि वह 24 साल बाद बॉलीवुड की फिल्मों में वापसी करना चाहती हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द फरहीन सिल्वर स्क्रीन पर फिर से अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी।

उन्होंने कहा, मेरे बच्चे बड़े हो चुके हैं और मैं मुंबई में ही रहती हूं। शायद मैं अब फिल्मों में दोबारा ऐक्टिंग शुरू करूंगी क्योंकि अब मैं काम के सिलसिले में यात्रा करने के लिए तैयार हूं। फरहीन ने ऐसे वक्त में फिल्मों से दूरी बनाई थी, जब उनका करियर बुलंदियों पर था। परिवार को अहमियत देने के लिए उन्होंने ऐसा किया था। उन्होंने आगे बताया, मैं जल्दी शादी नहीं करना चाहती थी। हालांकि, यह सब अचानक हो गया। मेरे लिए मेरा परिवार और बच्चे अधिक महत्वपूर्ण हैं। फरहीन ने कहा कि उनके अंदर एक्टिंग का जुनून मरा नहीं है। उन्होंने बताया, मैंने अपने पति मनोज से पूछा तो उन्होंने कहा कि तुम्हारे पास अपने लिए समय है। तुम जो चाहो कर सकती हो। इसलिए मैं फिल्मों में वापसी करने के लिए आ गई हूं।

फरहीन ने अपने करियर में अक्षय कुमार और रोनित रॉय जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। उन्होंने खुलासा किया है कि शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म बाजीगर में शिल्पा शेट्टी वाला रोल फरहीन को ऑफर हुआ था। हालांकि, उन्होंने इस रोल के ऑफर को ठुकरा दिया था। फरहीन ने दिग्गज अभिनेता कमल हासन के साथ एक फिल्म करने के लिए यह ऑफर रिजेक्ट किया था। उनकी नजर में उस वक्त हासन का अलग क्रेज था।

फरहीन ने मनोज से चार साल के लंबे अफेयर के बाद शादी रचाई थी। शादी के बंधन में बंधने के बाद वह मनोज के साथ दिल्ली में शिफ्ट हो गई थीं। फरहीन का करियर काफी दिलचस्प रहा है। उन्होंने 1992 में आई फिल्म जान तेरे नाम से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने अक्षय के साथ फिल्म सैनिक में काम किया था। उन्होंने नजर के सामने, फौज, दिल की बाजी और आग का तूफान जैसी फिल्मों में अभिनय किया है।

## इन चीजों के इस्तेमाल से अपने बालों को करें डिटॉक्स, दूर होंगी कई समस्याएं

जिस तरह से शरीर को डिटॉक्स करना जरूरी है, ठीक उसी तरह से समय–समय पर बालों को डिटॉक्स करना महत्वपूर्ण है। दरअसल, यह बालों और स्कैल्प से विषाक्त पदार्थों और अन्य हानिकारक अवशेषों को हटाने में मदद करता है। इसी के साथ यह बालों की कुछ समस्याओं का उपचार भी कर सकता है। आइए जानते हैं कि आप घर पर अपने बालों को किन–किन चीजों की मदद से डिटॉक्स कर सकते हैं।



बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

अगर आपके बाल तैलीय प्रकार के हैं तो आप इन्हें बेकिंग सोडा की मदद से काफी अच्छे से डिटॉक्स कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक कटोरे में तीन कप गर्म पानी में तीन आधा कप बेकिंग सोडा अच्छे से मिलाएं। इसके बाद अपने बालों को पहले गीला कर लें। अब इन पर बेकिंग सोडा वाला मिश्रण लगाएं और 10 मिनट तक मसाज करें। अंत में बालों को धो लें और अपने बालों पर कंडीशनर भी जरूर करें।

शहद भी है प्रभावी

शहद कई ऐसे गुणों से समृद्ध होता है जो बालों की गहराई से सफाई करने के साथ–साथ इन्हें डिटॉक्स करने में भी सहायक होते हैं। लाभ के लिए एक कटोरी में तीन चम्मच साफ पानी और दो चम्मच शहद अच्छे से मिलाएं। इसके बाद अपने बालों को गीला करके इस मिश्रण को इनमें लगाएं और 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में बालों को गुनगुने पानी से धो लें।

शिकाकाई है कारगर

शिकाकाई ऐसी जड़ी–बूटियों में शामिल है जो बालों को कई समस्याओं से राहत दिलाकर उन्हें स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रखने में मदद कर सकती है। बालों को डिटॉक्स करने के लिए पहले एक कटोरी में दो–तीन चम्मच शिकाकाई पाउडर और पानी मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं। अब अपने बालों में इस पेस्ट को लगाएं और इसे कम से कम आधे घंटे के लिए लगा रहने दें। इसके बाद स्कैल्प की मसाज करें और फिर सिर को धो लें।

खीरे और नींबू का मिश्रण भी आएगा काम

बालों को डिटॉक्स करने के साथ–साथ इन्हें खूबसूरत बनाए रखने में खीरे और नींबू का मिश्रण काफी मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले आवश्यकतानुसार खीरे और नींबू को काटकर इन्हें ब्लेंडर की मदद से पीस लें। अब इस मिश्रण को अच्छे से पूरे सिर में लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद अपने सिर को शैंपू और पानी से धो लें। यकीनन इससे आपके बाल स्वस्थ रहेंगे।